तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 27.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

## महंगी चेयरकार सीट बन रही पहली पसंद



इंटरसिटी एक्सप्रेस में दो प्रकार के कोच हैं, सेकंड सीटिंग और चेयरकार। सेकंड सीटिंग की संख्या अधिक है और इसका किराया भी बेहद सस्ता, स्लीपर से भी कम है। दूसरी ओर चेयरकार का किराया रायपुर से जबलपुर के लिए 570 है, बावजूद इसके यह कोच यात्रियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। वर्तमान में रायपुर से बालाघाट और जबलपुर के लिए चेयरकार की डिमांड सबसे ज्यादा है। अगले 4 से 5 दिनों तक चेयरकार में वेटिंग चालू हो चुकी है। इसका कारण यह है कि रायपुर से चेयरकार कोच में 68 सीटें और सेकंड सीटिंग कोच में 388 सीटों की बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। कम संख्या और आरामदायक सफर की वजह से चेयरकार की मांग तेजी से बढ़ी है। वहीं सेकंड सीटिंग कोच भी किफायती दर पर सभी वर्गों के यात्रियों के लिए सुविधाजनक साबित हो रहा है।

**परिचालन के पहले दिन से सीटिंग कोच में सबसे अधिक 127 यात्रियों ने की यात्रा**

# इंटरसिटी ने पहले दिन ही पकड़ी रफ्तार, रायपुर से 236 यात्री, 56 हजार से अधिक का मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

रायपुर से जबलपुर के बीच शुरू हुई इंटरसिटी एक्सप्रेस ने पहले ही दिन से रफ्तार पकड़ ली है। ट्रेन की बुकिंग शुरू होते ही यात्री बड़ी संख्या में टिकट आरक्षण केंद्र पहुंचे और चेयरकार में तो वेटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोमवार को रायपुर, दुर्ग, डोंगरगढ़, गोंदिया, नैनपुर, बालाघाट और जबलपुर तक के लिए यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, पहले दिन रायपुर से सेकंड सीटिंग कोच में सबसे अधिक 127 यात्री सवार हुए, वहीं चेयरकार में 68 यात्रियों ने सफर किया। जनरल कोच में भी रायपुर से 41 यात्री यात्रा पर निकले।

हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि मंडल में सबसे ज्यादा ⏭ शेष पेज 11 पर




**रायपुर से बालाघाट और जबलपुर के लिए चेयरकार की डिमांड अधिक**

### पहले दिन से राजस्व में लाभ

रायपुर से जबलपुर के लिए हाल ही में शुरू हुई इंटरसिटी एक्सप्रेस ने पहले ही दिन यात्रियों का भरोसा जीत लिया है। ट्रेन के पहले दिन के संचालन से ही रायपुर मंडल को राजस्व लाभ मिलने लगा है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, सिर्फ 282 यात्रियों के सफर से 56,967 से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की मांग पर शुरू की गई यह ट्रेन भविष्य में एक सफल और राजस्व देने वाली ट्रेन बनेगी। खास बात यह भी रही कि इंटरसिटी के परिचालन से पहले दिन ही अमरकंटक एक्सप्रेस में भीड़ में कमी दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### एपीके फाइल भेज मैकेनिक से 12 लाख की ठगी

**रायपुर।** राखी थाने में पेशे से ट्रैक्टर मैकेनिक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ एपीके फाइल लिंक भेजकर 12 लाख की ऑनलाइन ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महेश साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 17 जुलाई को उन्हें पीएम किसान योजना के नाम पर दो वाट्स एप ग्रुप से एक एपीके फाइल भेजी गई थी। लिंक खोलने के बाद उनके मोबाइल में तकनीकी समस्याएं आने लगीं और 19 जुलाई को सिम बंद हो गई। इसके बाद 20 से 30 जुलाई के बीच उनके बैंक आफ बड़ौदा खाते से अज्ञात हैकरों ने विभिन्न बैंकों में 38 बार में 12 लाख 3 हजार 158 की रकम ट्रांसफर कर ठगी की है।

### कस्टम मिलिंग घोटाला अनवर और टुटेजा की 14 दिन रिमांड बढ़ी

**रायपुर।** कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल भेजे गए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर की न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। मामले की सुनवाई अब 18 अगस्त को होगी। सोमवार को ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश की अदालत में कस्टम मिलिंग घोटाले की सुनवाई हुई। उक्त प्रकरण में मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी, राइस मिल एसोसिएशन के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ 3500 पेज का चालान पेश किया जा चुका है।

### लूट का फरार आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक तथा क्राइम ब्रांच पुलिस ने लूट के एक फरार आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। लूट की घटना में शामिल चार बदमाशों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है।



पुलिस ने लूट के आरोप में योगेश नाई को बीकानेर से गिरफ्तार किया है। योगेश तथा उसके साथियों ने 1 मई को रात पौने आठ बजे समता कॉलोनी के पास महावीर प्रसाद शर्मा की दोपहिया को ओवरटेक कर रोका और उसके साथ मारपीट कर नोटों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नकदी रकम 42 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हीरापुर निवासी लोकनाथ देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। लोकनाथ ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई को घर की चाबी देकर परिवार सहित हैदराबाद गया था। अज्ञात चोर शनिवार-रविवार दरमियानी रात मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर गया।

**नाराज हुए कमिश्नर, चारों कमेटियां तलब, अब 15 तक मोहलत**

# तहसीलों से नहीं मिल रहे दस्तावेज इसलिए भारतमाला घोटाले की जांच में हो रही देर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर और धमतरी जिले में भारतमाला परियोजना घोटाले के मामले में आई दावा-आपत्तियों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने ब्लॉक स्तर पर चार समितियां गठित की हैं। इन समितियों को एक माह के अंदर दावा-आपत्ति एवं शिकायतों की जांच कर इसकी रिपोर्ट संभाग कमिश्नर के समक्ष पेश करनी थी, लेकिन डेढ़ माह बाद भी समितियां अपनी जांच पूरी नहीं कर पाई हैं। संभाग आयुक्त ने सोमवार को इन समितियों के अध्यक्षों की बैठक ली, जिसमें अभी तक की गई जांच की समीक्षा करते हुए उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने समितियों के सभी अधिकारियों को जांच पूरी करने के लिए 15 अगस्त तक की मोहलत दी है। इसके बाद भी जांच पूरी नहीं होती है तो अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

### 40 गांवों से आई दावा-आपत्ति एवं शिकायतें

भारतमाला परियोजना घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद रायपुर और धमतरी जिले के प्रभावित किसानों में किसी को मुआवजा नहीं मिला, किसी को कम मुआवजा मिला, जैसी कई दावा-आपत्ति एवं शिकायतें रायपुर और धमतरी जिले के कलेक्टोरेट एवं संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालयों में की गई हैं। ये दावा-आपत्तियां एवं शिकायतें लगभग 40 ग्रामों से आई हैं।

**संभागायुक्त ने इन समितियों के अध्यक्षों की ली बैठक**


भारतमाला परियोजना घोटाला में एनएचएआई के अफसरों के भी शामिल होने की आशंका

अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

खास खबर

### इन ग्रामों से आए आवेदन

रायपुर जिले के अंतर्गत पचेड़ा, भेलवाडीह, कुरूं, झांकी, बिरोड़ा, टेकारी, उगेतरा, नायकबांधा, पारागांव, उरला, मोतियाडीह, सरसदा, आरंग, अभनपुर, सारंगी, बासवाही, चरौदा, निसदा, गोइंदा, अकोलीकला, भिलाई सहित अन्य गांव शामिल हैं। इसी प्रकार धमतरी जिले के सिवनीकला, कुरूद, उमरदा, सिर्री, सरगी, चिवरी, भरदा सहित आसपास के प्रभावित क्षेत्र शामिल हैं।

### इन अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित

आवेदनों की जांच के लिए गठित चार टीम में संभाग उपायुक्त ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर निधि साहू, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर धमतरी इंदरा देवहारी अध्यक्ष के रूप में शामिल हैं।

### 15 अगस्त तक दिया समय

भारतमाला घोटाले से संबंधित आवेदनों की जांच के लिए गठित समितियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई। जांच अधूरी होने के कारण सभी समितियों को 15 अगस्त तक का समय दिया गया है है और जांच पूरी कर रिपोर्ट मांगी है।

**- महादेव कावरे**
संभागायुक्त, रायपुर

### जांच की समयसीमा 14 जुलाई को खत्म

संभाग आयुक्त ने भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाले में आई दावा-आपत्ति एवं शिकायतों की जांच के लिए चार टीमें 16 जून को गठित की थीं। इन समितियों में सक्षम अधिकारी से लेकर विभिन्न तहसील क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल किए गए। सभी समितियों को एक माह के भीतर संबंधित दावा-आपत्ति व शिकायतों की जांच कर इसकी रिपोर्ट संभाग कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा गया था, लेकिन डेढ़ माह बीतने के बाद भी समितियां जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर पाई हैं। इसे देखते हुए संभाग आयुक्त ने इन समितियों के सक्षम अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में समितियों ने अभी तक की जांच की समीक्षा की, जिसमें पाया कि जांच अधूरी है। इसे देखते हुए आयुक्त ने चारों समिति के अधिकारियों को 15 अगस्त तक मोहलत देते हुए जांच पूरी कर रिपोर्ट मांगी है।

### इस कारण जांच में आ रही दिक्कत

सूत्रों के अनुसार, बैठक में जांच समितियों के अधिकारियों ने बताया कि मुआवजा नहीं मिला, कम मिला, जैसे आवेदन करने वाले लोगों की जमीनों के दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय से मिल नहीं पाए हैं, जिसके कारण जांच में देरी हो रही है। सूत्रों के अनुसार आवेदकों के बयान दर्ज करने के लिए समितियों को जांच बिंदु निर्धारित कर प्रारूप भी बनाकर दिया गया है। इस प्रारूप के तहत ही आवेदकों के साथ संबंधित क्षेत्र के पटवारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## नहीं बदलेंगे 10वीं-12वीं के प्रश्नपत्र पैटर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए नए सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम जारी कर दिए हैं। ये सैंपल पेपर अब सभी छात्रों और टीचर्स के लिए सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बोर्ड ने यह भी बताया है कि इस बार परीक्षा का पैटर्न पिछले साल जैसा ही रहेगा, यानी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे छात्रों को तैयारी करने में आसानी होगी, क्योंकि उन्हें पुराने तरीके से ही पढ़ाई करनी है। बोर्ड ने साफ किया है कि 2025 की परीक्षा का पैटर्न वही रहेगा जो 2024-25 में था। इसका मतलब है कि छात्रों और शिक्षकों को किसी नए फॉर्मेट की चिंता नहीं करनी होगी। पुराने तरीके से ही पढ़ाई और तैयारी की जा सकती है। इस तरह की निरंतरता से पढ़ाई का तरीका एक जैसा बना रहेगा, जिससे बेहतर समझ और तैयारी संभव हो पाएगी।




- सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम जारी, इसकी मदद से तैयारी करवाएंगे स्कूल

### रोजाना की पढ़ाई में होगा शामिल

बोर्ड ने अपने आधिकारिक नोटिस में बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए जो सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम जारी की गई है, वह सिर्फ परीक्षा की तैयारी के लिए नहीं, बल्कि कक्षा में पढ़ाई और कॉन्सेप्ट को अच्छे से समझाने के लिए भी बनाई गई है। इन सैंपल पेपर्स के माध्यम से स्कूल यह भी सुनिश्चित करेंगे कि पूरे सिलेबस को तय समय पर कवर किया जा रहा है अथवा नहीं। बोर्ड ने टीचर्स से कहा है कि वे इन सैंपल पेपर्स को अपनी डेली पढ़ाई की योजना में शामिल करें।

### अंक सत्यापन के लिए आवेदन प्रारंभ

वहीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा 2025 उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी, अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। हालांकि अभी तक सीबीएसई ने कक्षा 10वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के नतीजे घोषित नहीं किए है। सीबीएसई द्वारा 8 अगस्त से पहले नतीजे जारी किए जाने की संभावना है। जो छात्र सीबीएसई कक्षा 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षा में शामिल हुए थे, वे अब **cbse.gov.in** पर जाकर इन सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्कैन कॉपी प्राप्त करने के लिए कक्षा 12वीं के छात्रों को 700 रुपए प्रति विषय और कक्षा 10वीं के छात्रों को 500 रुपए प्रति विषय का शुल्क देना होगा।


## हृदय को रक्त पहुंचाने वाली नस में 95 फीसदी ब्लॉकेज, एक साथ पूरी हुई बाईपास और तीनों वॉल्व की सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आंबेडकर अस्पताल के सीटीवीएस विभाग में महिला का सफल ऑपरेशन

हृदय को रक्त पहुंचाने वाली नस में 95 फीसदी ब्लॉकेज के साथ अस्पताल पहुंची महिला की जान बचाने कोरोनरी बाईपास सर्जरी के साथ तीनों वॉल्व का आपरेशन एक साथ करना पड़ा। इस बीमारी की वजह से महिला को सांस फूलने और सीने में दर्द होने की पुरानी शिकायत थी।

दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा गांव में रहने वाली 58 वर्षीय महिला को परिजन इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग लेकर पहुंचे थे। जांच के दौरान पता चला कि उसकी कोरोनरी आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज है, इसके अलावा हृदय के तीन प्रमुख वॉल्व क्षतिग्रस्त हैं। कुछ अन्य जांच प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने इस बीमारी के समाधान के लिए महिला की सर्जरी का फैसला लिया। डॉक्टरों द्वारा पहले महिला की ऑफ पंप बीटिंग हार्ट बाईपास यानी हृदय की धड़कन को बंद किए बिना हार्ट के कोरोनरी आर्टरी की सर्जरी की गई। इसके बाद हार्ट-लंग मशीन की



सहायता से हृदय और फेफड़ों को अस्थायी रूप से रोका गया। इसके बाद हृदय के चैंबर को खोलकर माइट्रल वॉल्व को कृत्रिम वॉल्व में बदला गया, एओर्टिक वॉल्व को विशेष तकनीक से रिपेयर किया गया और ट्राइकस्पिड वॉल्व को रिंग लगाकर सुधारा गया। डॉक्टरों के मुताबिक, यह प्रक्रिया काफी जोखिम भरी थी, क्योंकि महिला की एक साथ सर्जरी की कई प्रक्रियाएं पूरी की जानी थीं। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है और वे शीघ्र ही अस्पताल से डिस्चार्ज लेकर घर लौटने वाली हैं।

### ऑपरेशन के माध्यम से किया समाधान

सर्जरी के माध्यम से महिला की बीमारी का समाधान करने वाले सीटीवीएस विभाग के एचओडी डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि इस बाईपास में आर्टेरियल ग्राफ्ट का प्रयोग किया गया, जो अधिक टिकाऊ होता है। साथ ही एओर्टिक वॉल्व रिपेयर केवल चुनिंदा चिकित्सा संस्थानों में संभव होता है, जिसमें से आंबेडकर अस्पताल का कार्डियक सर्जरी विभाग एक है। पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने इस उपलब्धि के लिए चिकित्सकीय टीम की हौसला अफजाई की है।

## बंगाल की खाड़ी में आठ से हलचल, खत्म हो सकता है अगस्त का सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बंगाल की खाड़ी में 8 अगस्त के बाद साइक्लोन बनने की संभावना है। सिस्टम अगर सही दिशा में सक्रिय होता है तो प्रदेश में अगस्त का सूखा खत्म हो सकता है। बीते चार दिन से प्रदेश में व्यापक बारिश नहीं हुई है और मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में होने की वजह से सरगुजा संभाग में बारिश हो रही है।

- मानसून द्रोणिका सामान्य, इसलिए सरगुजा संभाग में बारिश
- शहर में दिनभर उमस, दोपहर होते ही कई इलाकों में गिरा पानी

सोमवार को राजधानी में तेज धूप की वजह से बेहद गर्मी महसूस हुई। इसके बाद दोपहर में शहर के ऊपर बादल घिर आए और कुछ देर तक बारिश हुई। हालांकि यह खंड वर्षा जैसी स्थिति थी और लालपुर मौसम वेधशाला में आंकड़ा केवल तीन मिमी. पर सिमटा रह गया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी मानसून द्रोणिका समुद्रतल पर अमृतसर, देहरादून, छपरा जलपाईगुड़ी होते हुए अरुणाचल प्रदेश तक मौजूद है, जो उसकी सामान्य स्थिति है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम यूपी से बिहार तक द्रोणिका मौजूद है। इन मौसम तंत्रिका के प्रभाव से सरगुजा संभाग के कुछ स्थानों में भारी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में कुसमी ⏭ शेष पेज 11 पर


## मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक से मोबाइल लूटने मारा था चाकू, दो आरोपियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक पर चाकू से हमला कर 13 हजार रुपए की मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाने के साथ एक बदमाश को 40 तथा दूसरे बदमाश पर कोर्ट ने 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश शैलश शर्मा की कोर्ट में हुई।

लोक अभियोजक राहुल गुप्ता के अनुसार, कोर्ट ने शेख शब्बीर, आशीष मिर्झा उर्फ लियॉन उर्फ बबलू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई गई है। बदमाशों ने 1 सितंबर 2022 को मॉर्निंग वॉक पर निकले देवेंद्र साहू से गोंदवारा एकता नगर के पास लूट की थी। देवेंद्र घटना दिनांक को तड़के पौने पांच बजे के करीब एकता नगर के पास पहुंचा था। इस दौरान दोनों बदमाश एक्टिवा पर सवार होकर देवेंद्र के करीब पहुंचे। एक बदमाश ने देवेंद्र का कॉलर पकड़ लिया। दूसरे बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर देवेंद्र पर हमला किया। इस दौरान देवेंद्र ने बचने के लिए चाकू पकड़ा तो उसकी हथेली कट गई। इसके बाद बदमाशों ने देवेंद्र की जेब से मोबाइल लूट फरार हो गए। भागते हुए देवेंद्र ने बदमाशों की गाड़ी नंबर नोट कर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा।

### तीन वर्ष पूर्व युवक से 13 हजार रुपए का मोबाइल लूटकर भागे थे बदमाश



कोर्ट की टिप्पणी- आज आम नागरिक का जीवन असुरक्षित, इसलिए केवल चोट की प्रवृत्ति महत्व नहीं रखती

**कोर्ट ने कहा-**

#### ऐसी घटना से भय का वातावरण होता है निर्मित

आरोपियों को सजा सुनाते हुए कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आज आम नागरिकों का जीवन असुरक्षित हो गया है। इसलिए केवल चोट की प्रवृत्ति महत्व नहीं रखती है, बल्कि यह चिंता का विषय है कि कोई व्यक्ति सुबह या कभी भी घर से घूमने या जाने के लिए निकलता है और उस व्यक्ति के साथ लूटपाट जैसी घटना कारित कर धारदार हथियार से चोट पहुंचाई जाती है, उस स्थिति में उस व्यक्ति तथा उसके परिवार एवं आसपास के लोगों में भय का वातावरण निर्मित हो जाता है।

## ड्रंक एंड ड्राइव, आठ वाहन चालक धरे गए

**रायपुर।** पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार-रविवार रात ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की है। चालू वर्ष में अब तक ड्रंक एंड ड्राइव के तहत 933 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस वीकेंड ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस की टीम द्वारा आठ ड्रंक एंड ड्राइव



करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर लायसेंस सस्पेंड करने परिवहन विभाग को पत्र लिखने की प्रक्रिया की जा रही है। ड्रंक एंड ड्राइव मामले में कोर्ट वाहन चालकों पर 10 से 15 हजार रुपए जुर्माना लगाती है। बावजूद इसके ड्रंक एंड ड्राइव के मामले कम नहीं हो रहे। ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस की कार्रवाई में अब तक ड्रंक एंड ड्राइव के चपेट में जो वाहन चालक फंसे हैं उनमें से ज्यादातर कार चालक हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**

### स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की मांग

**रायपुर।** नगर की कई गलियों में स्ट्रीट लाइट्स खराब हैं, जिस कारण शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है। शिवसेना के पदाधिकारियों ने लगातार कई बार शहर में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था करने की मांग जिला प्रशासन से की है। इसके बाद भी शासन-प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है, इस पर शिवसेना संगठन ने नाराजगी जताई है। इस मौके पर शिवसेना के प्रवक्ता संतोष शुक्ल ने सड़क के दोनों छोर, स्पीड सीमा सूचना बोर्ड लगाने और सड़कों का पर्याप्त चौड़ीकरण करने की भी मांग की है, जिससे किसी भी तरह के पशुओं को हानि न हो सके, लेकिन राज्य सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है और न ही उनके जनप्रतिनिधि कुछ करना चाहते हैं, जिससे शिवसेना संगठन के लोग भी नाराज हैं।

### सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का सम्मान आज

**रायपुर।** नगर निगम जोन-2 द्वारा मंगलवार को सुबह 11 बजे जोन परिसर में 7 वार्डों में कार्यरत 300 सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का सम्मान महापौर मीनल चौबे और निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित जोन-2 के सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहेंगे। यह सम्मान रायपुर शहर के गार्बेज फ्री सिटी श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य का पहला 7 स्टार शहर बनने और राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में देश में चौथी रैंकिंग मिलने पर किया जा रहा है।

### जोन कमिश्नर चंद्रवंशी ने ली पशुपालकों की बैठक

**रायपुर।** खमतराई स्थित नगर निगम जोन-1 कार्यालय में जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में 7 वार्डों के पशुपालकों की बैठक ली। बैठक में जोन कमिश्नर ने सभी पशुपालकों को पशुओं को अपनी गोशाला में बांधकर रखने एवं सड़क पर खुले में किसी भी हालत में नहीं छोड़ने की कड़ी हिदायत दी। इसकी अनदेखी की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी पशुपालकों को दी गई है। पशुपालकों को नाली में गोबर नहीं बहाए जाने की हिदायत दी है। जोन कमिश्नर ने पशुओं के गले में पट्टा लगाने के निर्देश भी दिए।

### युवा सेवा संघ ने की कांवड़ियों की सेवा



**रायपुर।** श्रावण मास के सोमवार को युवा सेवा संघ के सेवादारों ने स्वस्फूर्त होकर कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर महादेवघाट स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िए पहुंचे। युवा सेवा संघ के सेवकों ने स्टॉल लगाकर गुरु प्रार्थना की, मंगल आरती के बाद शिवजी के मधुर संकीर्तन के साथ सेवादारों ने शिवभक्तों में फल, हलवा, नीबू शर्बत और सत साहित्य प्रसादी का भंडारा किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी प्राप्त की। । कार्यक्रम में युवा सेवा संघ के अध्यक्ष भूपेश साहू, हीरालाल साहू, लक्ष्मण लखवानी, नारायण राव, लक्ष्मीनारायण साहू, द्वारिका साहू, सतीश रगड़ाले, दाऊलाल निषाद, अजय सोनी, चेतन साहू, महेश भाई, अजय शर्मा, सत्यप्रकाश न्याल सहित बड़ी संख्या में युवा सेवा संघ के सेवक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का सफर जल्द, 24 रूट तय, अब जारी होंगे परमिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सीएम साय के गांव बगीचा भी पहुंचेगी बस
- बस्तर-सरगुजा से योजना की शुरुआत



हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का सफर जल्द शुरू होने वाला है। खास बात ये है कि योजना लांच करने से पहले अब तक 24 रूट तय कर लिए गए हैं। अब इन रूट के लिए परमिट जारी करने की प्रक्रिया होगी। परमिट जारी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का सफर शुरू हो जाएगा। योजना के तहत जो ऑपरेटर बस चलाएंगे, उन्हें सरकार वित्तीय सहायता भी देगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना को मंजूरी दी गई थी। यह योजना राज्य सरकार के लिए महत्वाकांक्षी है। सरकार चाहती है कि जिन मार्गों पर बसें नहीं चलतीं या कम संख्या में आवागमन है, वहां भी नागरिकों को बस परिवहन की सुविधा मिले। योजना के पहले चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग से बसें चलनी शुरू होंगी।

### 24 मार्गों का हुआ चिन्हांकन जारी होंगे परमिट

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के संचालन के लिए परिवहन विभाग ने अब तक 24 मार्गों का चयन कर लिया है। इन मार्गों पर बसें चलाने के लिए परमिट देने आवेदन मंगाए गए हैं, लेकिन परमिट जारी होने से पहले सुनवाई होगी। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद परमिट जारी किए जाएंगे, इसके बाद से बसें चलनी शुरू होंगी। जिन मार्गों का चयन किया गया है, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सरगुजा संभाग स्थित गांव बगीचा भी शामिल है।

### इन जिलों में दौड़ेंगी ग्रामीण बस

*परिवहन विभाग ने राज्य के बस्तर और सरगुजा से बसों के संचालन की योजना के अनुरूप इन जिलों के उन मार्गों का चयन किया है, जहां ये बसें चलाई जानी हैं। बस्तर संभाग के जिले सुकमा में कोंटा से गोलापल्ली, जगरगुंडा से कोंटा, सुकमा से बड़ेसट्टी, पुसपाल से छिंदगढ़, गादीरास से ओलेर, दोरनापाल से कोत्तापल्ली, बीजापुर में भोपालपट्नम से मट्टीमरका, बीजापुर से कांदुलनार, भोपालपट्नम से कांदलपर्ती, कोंडागांव जिले में कोंडागांव से मर्दापाल, जगदलपुर में दरभा से कामानार, दंतेवाड़ा में कटेकल्याण से नुकुलनार, नारायणपुर में नारायणपुर से नेलंगूर, सरगुजा संभाग के जिले सूरजपुर में भैयाथान से लटोरी (अंबिकापुर) ओड़गी से घुईडीह, कोरिया में बैकुंठपुर से कटकोना, जशपुर में दुलदुला से अबिरा, पत्थलगांव से बुलडेगा, कैलाशपुर गुफा से बगीचा, बलरामपुर जिले में राजपुर से नरसिंहपुर, राजपुर से अखोराखुर्द, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में जनकपुर बड़वाही, जनकपुर से मडकडोल तक कुल 24 मार्गों के लिए जल्द परमिट जारी किए जाएंगे।*

# पानी निकासी की व्यवस्था नहीं, तीन साल से बारिश में 80 एकड़ हो रहा जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रवेली के एक दर्जन से ज्यादा किसानों को अपने खेतों में लगी फसलें खराब होने की चिंता सताने लगी है। इन किसानों की चिंता का कारण पानी निकासी की व्यवस्था का न होना है, जो पिछले करीब तीन वर्षों से है।

बारिश होते ही इन किसानों के खेतों में जलभराव इतना ज्यादा हो जाता है कि बोई गई फसलें भी उसमें डूब जाती हैं। यह स्थिति इस बार भी बनी हुई है, जिससे किसानों को अपनी फसलों के खराब होने की चिंता सता रही है। इधर किसान पानी निकासी की व्यवस्था की मांग ग्राम पंचायत, तहसील कार्यालय से लेकर जिला कलेक्टोरेट के जनदर्शन कक्ष में भी कर चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

### निकासी की जगह पर बन चुका है पक्का मकान

ग्राम रवेली में पानी निकासी की समस्या से परेशान लगभग 15 से 20 किसान हैं। इन किसानों की लगभग 80 एकड़ खेतों में बोवाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। बोवाई कार्य पूर्ण होने के बाद किसानों में खुशी की लहर थी, लेकिन लगातार बारिश होने के बाद किसानों की खुशी चिंता में बदल चुकी है। हालांकि इसका कारण ज्यादा बारिश होना नहीं, बल्कि उनके खेतों में निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हुआ जलभराव है। प्रभावित किसानों का कहना है कि जिस रास्ते से खेतों में भरने वाला पानी की निकासी होती थी, उस मार्ग पर एक किसान ने मकान बना लिया है। मकान बनने से निकासी का रास्ता ही बंद हो गया है, जिससे बारिश का पानी खेतों में ही रुक जा रहा है।



**केस 1**

प्रभावित किसान नरेश यदु ने बताया कि खेत में पानी भरने के कारण पिछले दो साल से फसल बर्बाद हो रही है। इस बार भी नुकसान उठाना पड़ेगा। कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन समस्या अभी तक जस के तस है।

**केस 1**

किसान नारायण सोनकर ने बताया कि मेरे डेढ़ एकड़ खेत चार दिनों से बारिश के पानी में डूबे हुए हैं। इस कारण लगता है कि अब दोबारा रोपाई करनी पड़ेगी। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण तीन साल से परेशान हूं।

**केस 1**

किसान गोकरण सोनकर ने बताया कि मेरे ढाई एकड़ खेत पानी में डूबे हुए हैं। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से हर साल बारिश में यही स्थिति बनती है। इसके कारण फसल भी बर्बाद होती है।

### ग्राम पंचायत की बैठक में नहीं निकला हल

किसानों का कहना है कि बारिश के पानी की निकासी नहीं होने की समस्या से ग्राम पंचायत के सरपंच को अवगत कराया था। इसके बाद गांव में बैठक भी बुलाई गई थी, पर समस्या का हल नहीं निकल पाया। ग्राम पंचायत के बाद एसडीएम अभनपुर को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने की मांग की थी, लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगी है। अब इस मामले में कलेक्टर के नाम जनदर्शन कक्ष में शिकायत की है।

### प्लाट का मालिक मान नहीं रहा

प्रभावित किसानों के खेतों का पानी जिस रास्ते से निकलता था, उस जमीन को एक व्यक्ति ने खरीदकर वहां मकान बना लिया है। ग्राम पंचायत के आग्रह पर भी वह रास्ता देने के लिए वह तैयार नहीं है, जिससे किसानों के खेतों में जलभराव हो रहा है।

**- दूजलाल साहू,**
सरपंच, ग्राम रवेली

# गोमाता को सड़क पर छोड़ने वालों पर लगाएं 50 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- छत्तीसगढ़ शिवसेना गोवंश को बचाने 5 अगस्त से चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

सनातन धर्म में गोमाता को कामधेनु कहा गया है। इनकी सेवा करने से इच्छाओं की पूर्ति होती है। शास्त्रों में जिक्र मिलता है कि कामधेनु में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इसके बाद भी गोवंश की तस्करी के साथ मांस का व्यापार करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। रोकथाम के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ शिवसेना शिंदे गुट ने गोवंश को बचाने अब नई रणनीति के तहत पहले चरण में 5 अगस्त से प्रदेश के सभी संभाग में गोमाता की रक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ शिवसेना के महासचिव रेशम जांगड़े, एनएन सिंह पालीवार, सन्नी देशमुख के साथ ही बल्लू जांगड़े ने सोमवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। जयस्तंभ चौक से इस अभियान का आगाज किया जाएगा। सभी संभाग को मिलाकर 10 लाख से ज्यादा लोगों के हस्ताक्षर लेने के बाद सरकार से प्रदेशभर में गोमाता की रक्षा और उनके मांस के व्यापार को रोकने तथा कठोर कानून बनाने के साथ ही उसका पालन निगम से कराने सहित 8 सूत्रीय मांगों को सरकार के सामने रखेंगे। इसके बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो छत्तीसगढ़ शिवसेना निगम का घेराव करेगी। साथ ही मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### राज्य सरकार से शिवसेना ने की ये मांग

पदाधिकारियों ने बताया कि गोमाता को राजकीय पशु का दर्जा दिया जाए। गोहत्या को अपराध की श्रेणी में रखा जाए। गांवों में निर्मित गोठानों में गो-सेवकों की नियुक्ति कलेक्टर दर पर की जाए। गोवंश की तस्करी करते पकड़े जाने वाले वाहनों को राजसात करें। प्रदेश के सभी जिलों में गो-रक्षा केंद्र बनाएं। प्रदेश की सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को निगम द्वारा पकड़ा जाए और उन्हें गोशाला पहुंचाया जाए। जिन लोगों द्वारा गोवंश को सड़कों पर छोड़ा जाता है, ऐसे लोगों को 50 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया जाए।

# तीन दिन में 33 जिलों के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखेगा अमला

**स्वास्थ्य विभाग का काम सिर्फ इलाज नहीं, बीमारी के पहले से रोकना भी : जायसवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तीन दिवसीय अभियान की शुरुआत सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। 'बने खाबो-बने रहिबो' अभियान के तहत विभागीय अमला तीन दिन में 33 जिलों के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखेगा। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को हरी झंडी दिखाने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का काम केवल इलाज नहीं, बीमारी की पहले से रोकथाम करना भी है।

4 से 6 अगस्त तक चलाए जाने वाले इस अभियान के दौरान आमजन को मिलावटी भोजन से परहेज करने लोगों को जागरूक करते हुए खाद्य सामग्री की मौके पर जांच की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री पहुंचे। हमारे खानपान से संबंधित बीमारियां जैसे डायबिटीज, थायरॉयड, फैटी लिवर, हाई कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग आज बहुत आम हो चुके हैं। इनसे बचने के लिए जन-जागरूकता, स्वच्छता और मिलावट रहित भोजन बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'मिलावट के खिलाफ अभियान' को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ में 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान की नींव रखी गई है। सीजीएमएससी के अध्यक्ष अमित म्हस्के ने भी कहा कि चलित प्रयोगशाला में एक लैब टेक्नीशियन तथा एक लैब असिस्टेंट की उपस्थिति रहेगी, जिससे वे मौके पर ही खाद्य सामग्री का नमूना एकत्र कर उसकी जांच कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ऐसे मिलावटखोरों पर कार्रवाई भी करेगी।

### आमजनों को जागरूक करना ही उद्देश्य

स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को जागरूक करना है, ताकि खाने में मिलावट को कैसे पहचानें और कैसे इस अभियान में हिस्सा लेकर शासन की मदद करें, ताकि मिलावट करने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा सके और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी रहें।

# पूर्व राज्यपाल बैस के जन्मदिन पर दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व सांसद एवं त्रिपुरा, झारखंड और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेशभर के उनके शुभचिंतकों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बधाई प्रेषित की। इसी क्रम में रायपुर में उनके कई शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन पर बधाई देकर ईश्वर से उनकी लंबी आयु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इसी कड़ी में रायपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी श्री बैस से भेंट कर शुभकामनाएं दीं। मुलाकात करने वालों में राजेश थौरानी, राकेश बाफना, गजराज पगारिया आदि मौजूद रहे।

# भगवान मधेश्वर महादेव धाम के विकास के लिए केंद्र से मिले 10 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सीएम साय ने ऑनलाइन दिया संबोधन, कहा- तीर्थ पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत मयाली में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के समीप आयोजित दिव्य शिव महापुराण कथा के समापन समारोह को ऑनलाइन संबोधित किया। श्रावण मास की इस सात दिवसीय दिव्य कथा श्रृंखला का आयोजन 28 जुलाई से 4 अगस्त 2025 तक महामधेश्वर धाम समिति द्वारा किया गया, जिसमें अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन जी महाराज ने शिव महापुराण की अमृतमयी वाणी से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्यमंत्री ने व्यासपीठ से जुड़े सभी संतजनों को प्रणाम करते हुए समिति को भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं आभार प्रकट किया।





### छत्तीसगढ़ के कण-कण में शिव और शक्ति

मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिव और शक्ति छत्तीसगढ़ के कण-कण में समाए हुए हैं और प्रदेश को आध्यात्मिक ऊर्जा इन्हीं देवस्थलों से प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि मधेश्वर महादेव धाम के विकास के लिए केंद्र सरकार से 10 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है, तथा राज्य सरकार तीव्र गति से अधोसंरचना विकास और श्रद्धालु सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विराजित भगवान शिव के प्रमुख स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि मयाली में मधेश्वर पहाड़, कवर्धा में बाबा भोरमदेव, राजिम में कुलेश्वर महादेव, गरियाबंद में भूतेश्वर महादेव और जांजगीर-चांपा के खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के रूप में भगवान शिव विभिन्न रूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1517 दिनांक 10.02.2020 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- सीनियर एम.आई.जी. - 415 को श्रीमती अंजना आर. पति श्री हर्षा के. एन. एवं श्री हर्षा के. एन. पिता श्री नागप्पा सेटठी कोलगुण्डा के नाम पर नामान्तरण किया गया है। भवन का उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 20.12.2019 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती अंजना आर. पति श्री हर्षा के. एन. एवं श्री हर्षा के.एन. पिता श्री नागप्पा सेटठी कोलगुण्डा, निवासीः - 114, शंकराचार्य रोड़ विद्यानगर, हासन, कर्नाटका पिन नं. 573201 के द्वारा उक्त भवन को क्रेता डॉ. देवेन्द्र कुमार पिता श्री सालिक राम निवासीः- हाउस नं. 563, सतनामी पारा, नायकबांधा, तहसील - अभनपुर, जिला - रायपुर (छ. ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक - सीनियर एम.आई.जी. - 415 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### आम सूचना

(ग्राम आरंग पटवारी हल्का नंबर 54, तहसील आरंग जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित संपत्ति के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. कमलनारायण साहू 2. संतोषी बाई साहू 3. हेमलाल साहू पिसरान स्व. श्री शंकर लाल साहू 4. चंदन साहू 5. चन्द्रकला साहू 6. जानकी साहू पिसरान स्व. श्री शिव कुमार साहू 7. श्रीमती उषा साहू पति स्व. श्री शिव कुमार साहू 8. कुमारी बाई साहू 9. रामप्यारी साहू 10. उषा बाई साहू पिसरान स्व. श्री फगुवा साहू सभी निवासी ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ वालो के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 3752/16/ ग का भाग रकबा 1.400 हेक्टेयर भूमि ग्राम आरंग, पटवारी हल्का नंबर 54, राजस्व निरीक्षक मंडल आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

अतः उक्त भूमि के सौदे /विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का पँजीयन अपने पक्ष मे करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बँधनकारी भी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक- 02/08/2025
स्थान-रायपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**नितीन खाखरिया, अधिवक्ता**
**पता-एस.एफ. - 62, द्वितीय तल समवेत शिखर काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ मो. नं. 8962222586**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर

**सीमांकन/ बटांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 29.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रकाश गोयल पिता सीताराम गोयल द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 387/3 रकबा 0.334 हेक्टेयर का सीमांकन/बटांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक ........./ वाचक/ नायब तह./ वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 21.07.2025 के परिपालन में दिनांक 22.08.2025 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 387/3 के 0.334 स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**हस्ताक्षर**
**रा.नि.मं.रायपुर-11 (टिकरापारा)**

**बोस्टन में वैश्विक विधायी सम्मेलन**

### नेता प्रतिपक्ष महंत, विधायक भेंडिया और संदीप ले रहे हिस्सा

**रायपुर।** यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के बोस्टन शहर में वैश्विक विधायी सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 अगस्त तक किया जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटिव के आयोजन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत इस सम्मेलन में हिस्सा लेने बोस्टन पहुंचे हैं। बताया गया कि 24 राज्यों के 21 राजनैतिक दलों से संबंधित 130 विधायक इसमें शामिल हो रहे हैं। एनसीएसएल वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग बढ़ाने के लिए पहल करता है। इसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विधायक इसमें भागीदारी कर रहे हैं। डॉ. महंत के साथ पूर्व मंत्री व विधायक अनिला भेंड़िया व विधायक संदीप साहू सहभागी बने हैं। उन्होंने इसे वैश्विक सुशासन की अच्छी परंपरा से सीखने और जनता की सेवा में लगाने का उदाहरण बताया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किसानों को अरहर बीज मिनी किट किया वितरित

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में कृषि विभाग द्वारा दलहन, तिलहन को बढ़ावा देने किसानों को अरहर बीज का मिनी किट वितरण किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा दलहन तिलहन की खेती को प्रोत्साहित करने धान के अलावा अरहर, तिल, सोयाबीन, लाखड़ी, मूंगफली का खेती करने की सलाह दी गई। इन फसलों की खेती करने से जमीन की उर्वरक शक्ति बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। वितरण अवसर पर किसान धर्मेंद्र वर्मा, कमलेश पटेल, चेतन यादव, संतोष ध्रुव, कार्तिक निषाद, रामकिशुन साहू, रामकुमार पटेल, मूलचंद साहू आदि उपस्थित थे।

### सतनामी महिला समिति ने मनाया हरियाली उत्सव



**आरंग।** आरंग के कालेज चौक स्थित में सतनाम भवन में एकता सतनामी महिला समिति एवं सतनामी समाज के महिलाओं ने हरियाली तीज के अवसर पर प्रातः स्मरणीय परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की पूजा अर्चना कर उत्सव की श्रीगणेश किये। समिति के सचिव विभा एवन बंजारे ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के लिए एवं महिलाओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी आदि विभिन्न खेलों का आयोजन कर सभी महिलाओं को भागीदार बनाया गया। खेलों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पेन, सीस, प्लेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सभी महिलाओं को प्लेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद चितरेखा परमार, सावित्री डहरिया, अंबिका भारद्वाज, लता टंडन, नूतन टंडन, सुमन चतुर्वेदी, सुनीता सोनवानी, खेमेश्वरी डहरिया, श्वेता भारती, संगीता बांधे, रेणुका भारती, नीतू घृतलहरे, रुपाली काटले, उषा भारती, राधा भारती, सरस्वती चौहान, सोनम मनहर, संध्या मधुकर एवं समिति के अध्यक्ष डंबेश्वरी कोशले, उपाध्यक्ष गोमती राजेत्री, सचिव विभा एवन बंजारे, कोषाध्यक्ष सुशीला गिलहरे, संगीता पाटले, हेमा बंजारे, चांदनी गिलहरे, गोदावरी कोशले, अंजु टंडन, रविना टंडन, मीना कोशले आदि उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**आरंग।** बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय आरंग में "कारगिल विजय दिवस" का आयोजन एन.सी.सी. के सीनियर डिवीजन एवं विंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एल.पी. शर्मा एवं वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. वत्सला मिश्रा द्वारा शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने युद्ध की विभिषिका एवं सैनिकों के बलिदान को याद किया तथा उनकी अद्भुत वीरता एवं पराक्रम की जानकारी दी। डॉ. वत्सला मिश्रा एवं प्रो. भुनेश्वर साहू, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित एन.सी.सी. के कैडेट तराना जांगड़े, रितु धीवर एवं तराना यादव द्वारा सन 1999 में भारत एवं पाकिस्तान की सेनाओं के मध्य लगभग तीन (03) महीनों तक चले आपरेशन विजय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. साधना दीक्षित, गायकवाड़ आदि के द्वारा शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन कैप्टन अविनाश सिंह, एन.सी.सी. अधिकारी द्वारा किया गया।

### पर्व : सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू के नन्हे मुन्ने विद्यार्थी कांवड़ लेकर निकले

# बच्चों ने निकाली शिव-पार्वती की झांकी और कांवड़ यात्रा, किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग/चन्दखुरी

भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम गुल्लू में देखने को मिला। सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने कंधों पर कावड़ उठाकर और भव्य शिव पार्वती झांकी के अनोखा दृश्य प्रस्तुत कर शिवभक्ति का मिशाल पेश किया। छोटे छोटे भईया - बहनों ने पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ हर हर महादेव के जयकारों के साथ भव्य कावड़ यात्रा निकाली, जिसमें गांव के निवासियों का मन मोह लिया। कावड़ यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सहाड़ा देव जल अभिषेक कर बावली से पुनः जल लेकर तेली तालाब शिव मंदिर और अंत छछानी तालाब शिव मंदिर पहुंची। पवित्र जल को भगवान शिव मन्दिर में जल चढ़ाकर कर गांव की सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। भईया बहनों ने माथे पर त्रिपुंड लगा कर, भगवा वस्त्र पहन कर शिवभक्ति के गीतों पर झूमते हुए बोल बम की नारा गांव के वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस दौरान स्कूल आचार्य और आचार्य दीदी ने कावड़ यात्रा में सहभागिता कर बच्चो के उत्साह वर्धन किया। विद्यालय समिति के



सचिव अशोक यादव ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, हिन्दू धर्म,श्रद्धा और सेवा भावना का भाव जागृत करना है। बच्चों को भगवान शिव के प्रति आस्था जगाने के साथ साथ सामाजिक और संस्कृत मूल्यों की शिक्षा भी इस पहल से दी जा रही है गांव में इस पहल की सराहनीय करते हुए कहा कि इतने कम उम्र में बच्चों का ऐसा भक्ति भाव प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में पंच प्रतिनिधि धनेश्वर धीवर, डोमार सिंह लोधी प्रधानाचार्य, संतोष पटेल, लुकेश्वरी लोधी, अमृत धीवर, दुर्गा यादव, खेमीन पटेल, तुलसी साहू, बसंती साहू आदि उपस्थित थे।

### श्री समुदेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता



आरंग। समुदेश्वर महादेव मंदिर समोदा में श्रावण सोमवार के अवसर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। जिसके बाद खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस आयोजन में रायपुर वाले रामायण रामरुचि मानस परिवार ने भी भाग लिया और श्री राम चरित मानस गान का आयोजन किया। क्षेत्र के शिव भक्तों ने बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग लिया और भगवान शिव की भक्ति में शामिल हुए।

### कांवड़यात्रियों ने नारा भैरवी मंदिर में किया जलाभिषेक



आरंग। ग्राम पंचायत कुकरा से शिवभक्तों की एक श्रद्धामयी टोली नारा स्थित प्रसिद्ध भैरवी मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंची। इस आयोजन का नेतृत्व ग्राम पंचायत के सरपंच नन्दलाल डहरिया ने किया। उनके साथ पंचायत के पंचगण के अलावा बड़ी संख्या महिला व युवा कावड़ियि भी इस धार्मिक यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर गांव से नारा तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते, नाचते और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ आगे बढ़ते गए। यात्रा का दृश्य देखते ही बनता था मानो पूरा वातावरण शिवमय हो गया हो। यात्रा के समापन पर सभी भक्तों ने नारा शिवमंदिर में विधि विधान से जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से गांव की सुख-समृद्धि और आपसी भाई चारे की कामना की। सरपंच नन्दलाल डहरिया ने युवाओं के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराएं जीवित रहती हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक कार्यक्रम ने ग्रामवासियों में आस्था, उल्लास और सामूहिक सहभागिता का भाव उत्पन्न किया, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का प्रतीक है।

## सावन सोमवार को पंचमुखी मंदिर में गूंजा हर हर महादेव

**आरंग।** श्रावण महीने के अंतिम चौथे सोमवार को आरंग के पिपलेश्वर पंचमुखी भोलेनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन एवं मंदिर पुजारी शत्रुघ्न प्रसाद लोधी की सानिध्य में राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें जय शीतला मानस मंडली ग्राम लखोली एवं मां शीतला रामायण मंडली भोथली मां गौरी सेवा मानस मंडली अटल कॉलोनी आरंग, जय छत्तीसगढ़ मानस मंडली कलई की प्रस्तुति हुआ। जिसमें रामायण के पहले सोपान बालकाण्ठ शंकर भगवान पार्वती विवाह का प्रसंग टीकाकार देवशरण साहू, ताम्रध्वज यादव ने श्रद्धालु भक्तों के समक्ष अपनी सरल भाषा में व्याख्यान प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। भजन गायक गोविंदा साहू के सुंदर गीत सावन



में शिव जी ल मनाबो बेल के पतिया ल चढ़ाबो पर दर्शक झूम उठे। इसी तरह भगवान राम भजन, हनुमान भजन, लोकगीत कायखंडी भजन प्रस्तुत किया गया। जिसमें दर्शनार्थी श्रद्धालु भक्तों ने मंत्र मुग्ध से झूमने नाचने लगे और हर हर महादेव जय श्री राम के जयकारा से गुंजायमान कर दिया। श्रद्धालु भक्तों एवं मंदिर पूजारी के द्वारा महाभंडारा का आयोजन रखा। मानस मंडली लखौली एवं ग्राम भोथली के मानस मंडली को मानस संगठन आरंग, पुजारी शत्रुघ्न लोधी के द्वारा ग्यारह सौ रुपए की सहयोग राशि, श्री फल से सम्मानित किया गया।

### बैहार में कबीर धर्मदास वंशावली की बैठक हुई



**आरंग।** ग्राम बैहार में पंथ श्री हुजूर उदित मुनिनाम साहेब के सानिध्य में संचालित सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन केडीव्ही के संगठन सक्रियता हेतु रायपुर जिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे आरंग तहसील से जुड़े ग्रामीण प्रतिनिधि, कबीरपंथीजन शामिल हुए। प्रतिनिधियों एवं महंत गुरुजनों द्वारा केडीव्ही मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों की जानकारी देते हुए, इस बहुउद्देशीय मिशन से जुड़ने हेतु समस्त संतजनो को प्रेरित किया गया। बैठक मे युवाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु विशेष रूप से प्रयास किया जाना तय हुआ। समापन में आरंग तहसील प्रतिनिधियों द्वारा समस्त ग्राम स्तर पर गठन कार्य को पूर्ण करने का आश्वाशन प्राप्त हुआ।

### कोटवार पर अतिक्रमण का आरोप, की शिकायत

**आरंग।** ग्राम पंचायत सिवनी (गोढ़ी) में पदस्थ कोटवार टीकम देवदास के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश गहराता जा रहा है। आरोप है कि कोटवार ने शासन से मिली शासकीय सेवा भूमि को अपने परिवारजनों के नाम पर प्रमाणीकरण करवाकर निजी स्वार्थ के लिए टुकड़ों में बेच डाला। इतना ही नहीं, आरोप है कि कोटवार ने इसके बाद अन्य शासकीय भूमि 1.5 एकड़ पर बलपूर्वक कब्जा करते हुए वहां धान की बोवाई कर दी। सरकारी जमीन पर कब्जा करने और गाँव के नियम-कानून को दरकिनार करते हुए खुलेआम दादागिरी का प्रदर्शन कर रहे कोटवार से ग्रामवासी परेशान हैं। ग्राम पंचायत सिवनी (गोढ़ी) के पूर्व सरपंच पुरषोत्तम धीवर ने इसकी शिकायत केंद्रीय गृहमंत्री से की है।

## आंकलन शिविर में अस्सी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**आरंग।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशन में विकासखंड के शालाओं में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आंकलन शिविर का आयोजन बीआरसी भवन आरंग में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य आंकलन शिविर एपीसी माया वर्मा के दिशा निर्देशन में एवं बीआरसीसी मातलीनंदन वर्मा की अगुवाई में बीआरपी श्रवण साहू, फिजियोथैरेपिस्ट विरेंद्र साहू, स्पेशल एजुकेटर लोकेश साहू, संकुल समन्वयक गिरिजाशंकर अग्रवाल, जितेंद्र शुक्ला, विजय देवांगन, अमित अग्रवाल, सुनील पटेल, यशवंत आजाद, शेख़ मोहम्मद, राजेश लाल, बीआरसी स्टाफ उषा नेताम, रूपेंद्र साहू, अटेंडर मोनेश्वरी साहू, अरविंद पटेल एवं शिविर में उपस्थित शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य आंकलन शिविर में जिला चिकित्सालय रायपुर की विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा कुल 80 बच्चो की जांच की गई। जिसमें 17 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र, 10 यूडीआईडी कार्ड प्रमाण पत्र, 4 नवीनीकरण, 12 केस रायपुर रेफर किए गए। आंकलन शिविर में 2 बच्चों को लो विजन किट एवं 7 बौध्दिक दिव्यांग बच्चों को विशेष शैक्षिक सहायक उपकरण एवं 1 व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

## राखी बनाओ स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत



**तिल्दा नेवरा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल रायखेड़ा मे राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।साथ ही बहुत सी मनमोहक राखियां का निर्माण किया।उक्त आयोजन में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री जी. के. वर्मा द्वारा बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से परिधि वर्मा, तीसरी से तन्मय यदु, चौथी से आदित्य भारती, पांचवी से किंजल टंडन, गीतिका पाल, साम्य वर्मा विजेता घोषित किये गए व पूर्व माध्यमिक से टिकालक्ष्मी , ज्योत्स्ना प्रथम, कल्पना साहू , छवि वर्मा द्वितीय, नागलक्ष्मी तृतीय व हेमन सोनवानी को प्रोत्साहन पुरुस्कार दिया गया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में मुख्य रूप से व्याख्याता जितेन्द्र कुमार वर्मा, नितिन अग्रवाल, निर्मला यादव, अभिनेश्वर सिंह, तनु अग्रवाल, प्रतिभा चंद्रवंशी, प्रखर दीक्षित , अंजलि मिरानी, प्रेक्षा साहू, मयंक वर्मा, राजकुमार महिलांग सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लखौली बसस्टैंड की 7 दुकानों में एक ही रात में चोरी, 15 लाख के आभूषण पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

- नकाबपोश चोरों ने दो सीसी कैमरा और सोनी दुकान के रिसीवर को तोड़ा

लखौली बस स्टैंड क्षेत्र में बीती रात 7 अज्ञात नकाबपोश चोरों ने धावा बोलते हुए एक साथ 7 दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोरों ने देवव्रत ट्रेडर्स में लगी 2 सीसी कैमरा सोनी दुकान की रिसीवर व एक कैमरा सहित अन्य दुकांनो की सीसी कैमरा को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना से व्यापारियों में भारी दहशत व हड़कंप मच गया है। चोरों ने ज्वेलरी दुकान से लगभग 15 लाख रु के गहने के अलावा किराना दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, फुट वियर हॉटल सेलून सहित अन्य दुकानों को निशाना बनाते हुए नकदी और सामान पर हाथ साफ किया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा भी हरकत में आया। एडिशनल एसपी रायपुर, आरंग थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर लखौली बस स्टैंड में हुई चोरी का मुआयना किया। चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस द्वारा खोजी डॉग स्क्वाड को भी लाया गया, लेकिन कुत्ता भी कुछ सुराग नहीं दे पाया, जिससे पुलिस को फिलहाल कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। पूर्व में अनेकक बार अलग-अलग दुकांनो में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराने की शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही करने पर व्यापारियों में आरंग थाना के विरुध नाराजगी भी दिखाई। व्यापारियों ने बताया कि लंबे समय से बस स्टैंड क्षेत्र में रात्रि गश्त नहीं हो रही थी, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद व्यापारियों में रोष और असुरक्षा का माहौल है।



### व्यापारी संघ ने जताया रोष

व्यापारी संघ ने प्रशासन से मांग की है कि चोरी की इस घटना की जल्द से जल्द जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और व्यापारीयो की पुरानी मांग रात्रिकालीन गश्त शुरू की जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इधर चोरी के घटना के बाद हरकत में आये 140 दुकानदार के मालिको की मौजूदगी में व्यापारियों की आवश्यक बैठक आयोजित कर चोरी की घटना पर रोष प्रकट करते हुए चोरी की घटना की बारीकी से जांच कर अज्ञात आरोपियों की पहचान कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की पुलिस प्रशासन से की। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर रात्रिकालीन गश्त के लिए 3-4 चौकीदार नियुक्त करने का निर्णय लिया गया एवं प्रति दूकानदार प्रतिमाह 300 रु व्यापारी संघ में चौकीदारों के वेतन हेतु जमा करने का निर्णय लिया गया।

## मनवा कुर्मी समाज के शिविर में 112 यूनिट रक्तदान

**तिल्दा नेवरा।** छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज द्वारा संचालित संस्था जीवन ज्योति रक्तदान सेवा समिति के निर्देशन में युवा समाज द्वारा समिति के संस्थापक स्व. गजाधर प्रसाद वर्मा के दसवीं पुण्यतिथि अवसर पर कुर्मि बोर्डिंग छात्रावास तिल्दा नेवरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था ,जिसमे लगभग 112 यूनिट रक्तदान किया गया। गौरतलब है कि जीवन ज्योति रक्तदान सेवा समिति विगत 13 वर्षों से अंचल व प्रदेश में लोगो के प्रति रक्तदान की जागरूकता हेतु इस समिति का निर्माण किया गया था ,जो आज गांव गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन होने लगे है,लोगो में रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देना समिति का मुख्य उद्देश्य रहा।अब तक समिति में 23000 से अधिक यूनिट रक्तदान की सेवा कर लोगो की जान बचायी जा चुकी है,लगभग इस समिति में 1500 से अधिक सक्रिय युवा साथी जुड़कर इस मुहिम को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है।

### रक्तदाताओं को दिया गया हेलमेट



समिति द्वारा समस्त रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट प्रदान कर सम्मान किया गया। कुर्मि बोर्डिंग में तीज मिलन, सावन झूला,व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महिला समिति द्वारा महिला अध्यक्ष श्रीमति रश्मि वर्मा व श्री मति कौसल वर्मा, अनुराधा वर्मा के नेतृत्व में सफल कार्यक्रम आयोजन रहा।

### नरदहा के गौठान मॉडल से किसान और ग्रामीणों को राहत

# नरदहा पंचायत में करोड़ों की लागत से बने गौठान में 500 पशुधन की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदखुरी

रायपुर जिले की आरंग विधानसभा की सबसे बड़ी रकबा वाली पंचायत नरदहा में राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना के तहत लगभग 1 करोड़ 20 लाख की लागत से विकसित सर्वसुविधायुक्त गौठान आज ग्राम विकास, पशुधन सेवा और महिला सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण बन गया है। गौठान में 500 से अधिक पशुधनों की देखभाल की जा रही है, जिनके लिए 150 ट्रिप पैरा (चारा) का भंडारण किया गया है। 4 चरवाहा और 4 महिलाएं मिलकर पशुओं की देखरेख, सफाई और पानी व्यवस्था संभाल रहे हैं। इन पशुओं की निरंतर निगरानी पशु चिकित्सक द्वारा की जा रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिल पा रही हैं।



### 5 एकड़ में बाड़ी संचालन

गौठान से लगे 5 एकड़ क्षेत्र में बाड़ी (सब्जी उत्पादन) योजना संचालित हो रही है, जिसे महिला स्व-सहायता समूह चला रहे हैं। इससे उन्हें स्थायी आय, पोषण, और जैविक खेती का अनुभव मिल रहा है। ग्राम पंचायत नेतृत्व निभा रहा है अहम भूमिका गौठान के संचालन में ग्राम सभा प्रमुख अनिल टंडन, उप प्रमुख मनहरण साहू, और ग्राम सचिव सुनील पूरी गोस्वामी की सक्रिय भागीदारी है। इन सभी के समन्वय से योजनाओं को धरातल पर पूरी पारदर्शिता और जनसहभागिता से उतारा गया है।

### पूर्ववर्ती सरकार की सबसे अच्छी योजना

ग्रामसभा प्रमुख अनिल टंडन ने कहा कि गोधन न्याय योजना पूर्ववर्ती सरकार की सबसे अच्छी योजना रही है, जिसमें प्रत्येक गांव में गौठान निर्माण के लिए जगह आरक्षित कर संचालन सुनिश्चित किया गया। यह योजना केवल पशुओं की सेवा नहीं, बल्कि गांव की आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता का भी प्रतीक है। हम चाहते हैं कि यह योजना निरंतर संचालित होती रहे, ताकि गांवों में गौ सेवा और सुरक्षा का भाव बना रहे।

### मनवा कुर्मी युवा टीम ने किया पौधारोपण

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय युवा कार्यकारिणी टीम ने द्वितीय चरण पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत तिल्दा राज के स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव शाला परिसर में मौलश्री एवं मोहगनी का पौधारोपण किया इससे पूर्व रायपुर राज एवं दुर्ग राज में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया था केंद्रीय युवा अध्यक्ष के दस राज में पौधारोपण के संकल्प को युवा टीम द्वारा साकार करने अनवरत प्रकृति के प्रति सजग है बढ़ते तापमान घटते वर्षा पेड़ो के अंधाधुंध कटाई प्रकृति के संतुलन में अनियमितता प्रभाव पड़ रही है ।

पेज 09 के शेष...

### इंटरसिटी ने पहले...

बुकिंग रायपुर स्टेशन से हुई। रायपुर से जबलपुर तक अलग-अलग स्टेशनों के लिए यात्रियों ने सफर किया। अकेले रायपुर से विभिन्न कोच में 200 से ज्यादा यात्री चढ़े। दुर्ग व राजनांदगांव से अपेक्षाकृत कम यात्री मिले। गोंदिया से लेकर नैनपुर, बालाघाट और जबलपुर के बीच भी बड़ी संख्या में यात्रियों ने ट्रेन की सेवाएं लीं। यात्रियों का उत्साह देख दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ-साथ अन्य जोन में भी इस ट्रेन को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

### बंगाल की खाड़ी में...

और बलरामपुर में 11-11 सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा वहां के दर्जनभर से ज्यादा इलाके में हल्की से मध्यम वर्षा भी दर्ज की गई है। अभी राज्य में व्यापक बारिश नहीं हो रही है। अनुमान है कि 8 अगस्त के बाद तैयार होने वाले सिस्टम के प्रभाव से यहां वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। रायपुर में एक से 4 अगस्त के बीच केवल छह मिमी. और प्रदेश में महज 16 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

# सावन का अंतिम सोमवार...शिवमय हुआ शहर







**रायपुर।** सावन महीने के अंतिम सोमवार के दिन राजधानी तथा आउटर इलाके के देवालयों में तड़के ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। श्रद्धालु पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक-रुद्राभिषेक करते हुए विधि-विधान से पूजा में जुटे रहे। फूल, बेलपत्र, शहद, श्रीफल आदि अर्पित कर श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करते दिखे। कई जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## निधन

### गौरीकांत झा



**रायपुर।** यूनिफॉर्म कॉलोनी भाठागांव निवासी सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि अधिकारी गौरीकांत झा का 4 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे आदित्य प्रकाश, अरुण प्रकाश, अक्षय प्रकाश व डॉ. जयश्री मिश्रा, जया मिश्रा के पिता एवं एडवोकेट अन्वेष मिश्रा के नाना थे।

### विमला कंडरा



**रायपुर।** मठपुरैना निवासी बिमला कंडरा (65) का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे गंगाराम कंडरा की धर्मपत्नी, यशवंत, सोनू, मोनू, सुशील, सती कंडरा की माता एवं सरजू कंडरा, कंडरा समाज राजिम राज, कंडरा समाज मीडिया प्रभारी एवं हरिभूमि प्रेस महासमुंद के विज्ञापन प्रभारी लोचन कंडरा की मामी थीं।

### वसंत गंगाराम वैरागड़े



**रायपुर।** महोबा बाजार निवासी वसंत गंगाराम वैरागड़े (72) का 4 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हीरापुर रिंगरोड- 2 स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेखा के पति, यश वैरागड़े, खुशबू छाबड़ा के पिता थे।

## अवंति विहार से जीई रोड की एंट्री पर जाम नहीं, सर्विस रोड से जा सकेंगे महासमुंद

# तेलीबांधा से अवंति विहार तक नई बायपास सड़क तैयार, लोकार्पण जल्द, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा से अवंति विहार की नई बायपास सड़क बनकर तैयार है। इससे हजारों लोगों को आए दिन ट्रैफिक जाम से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। कॉलोनी के भीतर से तेलीबांधा चौक के पास लोग सीधे सर्विस रोड पहुंचेंगे। इस नई बाईपास सड़क बनाने का मकसद शहर में यातायात के दबाव को कम करना है। यह सर्विस रोड 400 मीटर तक बढ़ाई गई है, जिससे कृष्णकुंज की ओर से आने वाले लोग सीधे इसमें प्रवेश कर सकेंगे। जिन्हें शहर से व्यावसायिक संस्थान की ओर आना-जाना है, वे सर्विस रोड से सीधे वहां पहुंच सकेंगे।

दरअसल जीई रोड पर मत्स्य विभाग के पास अवंति विहार का प्रवेश मार्ग अब ट्रैफिक से मुक्त रहेगा। अवंति विहार भीतर से बनी रोड के लिए तेलीबांधा चौक के पास सर्विस रोड को खोला जा रहा है। इससे अवंति विहार सहित आसपास की कॉलोनियों की बड़ी आबादी को मत्स्य विभाग दफ्तर के पास जीई रोड में प्रवेश करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कॉलोनी के भीतर से तेलीबांधा चौक के पास लोग सीधे सर्विस रोड पहुंचेंगे। इससे उनके समय और ईंधन की बचत होगी। इस नई बायपास सड़क को शुरू करने नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। साथ ही इस रोड को सुंदर स्वरूप देने आकर्षक चित्रकारी की गई है, जिसमें आपरेशन सिंदूर और यातायात जागरूकता संबंधी संदेश दर्शाए गए हैं।



### जनता को राहत देने दो बड़े बदलाव

तेलीबांधा चौक के पास नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर आम जनता को राहत देने दो बड़े बदलाव किए हैं। पहला, मेक इन इंडिया चौक के पास रोटेटरी को छोटा कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई है। रोटेटरी को 2 मीटर छोटा करने से सड़क पर एक अतिरिक्त लेन बन गई है। इस तरह यह रोड टू लेन बन गई। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और ट्रैफिक जाम की परेशानी से बचा जा सकेगा। इस मार्ग पर अक्सर ट्रैफिक सिग्नल खुलने से जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने रोड की चौड़ाई बढ़ाने का सुझाव नगर निगम को दिया था। सूत्रों के मुताबिक, शहर की सबसे व्यस्त सड़क होने के कारण इस सड़क से रोज करीब 1 लाख वाहन गुजरते हैं।

### निगम मुख्यालय से सड़क चौड़ाई बढ़ाने का हुआ काम

नगर निगम जोन-9 कमिश्नर संतोष पांडे का कहना है कि ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए तेलीबांधा के मेक इन इंडिया चौक पर निगम मुख्यालय से सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का काम किया गया है। पहले यह चौड़ाई 12 फीट थी, अब यह 16 फीट हो गई है। इससे जनता को आवागमन में सहूलियत होगी।

### अवंति विहार के रहवासियों को बड़ी राहत

ट्रैफिक विभाग के अफसरों के मुताबिक, रोटेटरी को छोटा कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के साथ दूसरा काम अवंति विहार के लोगों के लिए सर्विस रोड को खोला जा रहा है। इससे अवंति विहार सहित आसपास के लोग बायपास रोड से सीधे एनएच की सर्विस रोड पर आएंगे। सर्विस रोड होते हुए वे महासमुंद के लिए आगे बढ़ेंगे। यह वन-वे सड़क होगी। यह रोड आगे जाकर नेशनल हाइवे में खुलेगा। सिर्फ अवंति विहार और आसपास के क्षेत्र के लोग ही इस सड़क का उपयोग कर सकेंगे।

### सिग्नल पर लोड कम होगा

नई बायपास सड़क शुरू होने से तेलीबांधा चौक और वीआईपी रोड वाले सिग्नल पर लोड कम होगा। इसके साथ ही एक्सप्रेस हाईवे आने-जाने वाले मार्ग पर भी यातायात का दबाव कम हो जाएगा। कुल मिलाकर तीन ऐसे पाइंट, जहां पर रोज सुबह से लेकर देर शाम तक यातायात का दबाव ज्यादा रहता है, नई बायपास सर्विस रोड शुरू होने से दबाव कम होगा।

## हजार से ज्यादा घायल जवानों की सर्जरी कर जान बचाने वाले रिटायर्ड ब्रिगेडियर लहरी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कलेक्टर ने ब्रिगेडियर के निवास पहुंचकर किया सम्मानित

कारगिल युद्ध के दौरान एक हजार से ज्यादा घायल जवानों की सर्जरी कर उनकी जान बचाने वाले रिटायर्ड ब्रिगेडियर प्रणब कुमार लहरी को सोमवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि भातर ने कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया था। इस युद्ध में जहां भारत के जवान वीरगति को प्राप्त हुए, वहीं कई गुमनाम हीरो ऐसे भी थे, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर हजारों जिंदगियों को बचाया। ऐसे ही एक वीर योद्धा रिटायर्ड ब्रिगेडियर डॉ. प्रणब कुमार लहरी हैं, जिनकी बहादुरी और सेवा को देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि ब्रिगेडियर जैसे देशभक्त के साथ प्रशासन कंधे से कंधे मिलाकर हमेशा खड़ा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर ब्रिगेडियर के रायपुर स्थित उनके निवास पहुंचे और उनका हालचाल जानने के बाद उन्हें शॉल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला मेडिकल टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। ब्रिगेडियर डॉ. लहरी पार्किंसंस जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और व्हीलचेयर पर हैं। उम्र और बीमारी ने उनके शरीर को भले ही कमजोर कर दिया हो, पर उनकी देशभक्ति आज भी उतनी ही मजबूत है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### सैकड़ों परिवारों की उम्मीदों को जोड़कर रखा

कारगिल युद्ध के दौरान ब्रिगेडियर डॉ. लहरी ऑर्थोपेडिक सर्जन के रूप में श्रीनगर के 92 मिलिट्री हॉस्पिटल में तैनात थे। बंदूकें गरज रही थीं, हर ओर चीख-पुकार मची हुई थी, लेकिन डॉ. लहरी ने हार नहीं मानी। दिन-रात ऑपरेशन थिएटर और बॉर्डर पर ड्यूटी करते हुए उन्होंने एक हजार से ज्यादा घायल जवानों की सर्जरी की। उनके हाथों ने न केवल हड्डियां जोड़ी, बल्कि सैकड़ों परिवारों की उम्मीदों को भी जोड़ कर रखा।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में 'द ग्रेट इंडियन शॉपिंग फेस्टिवल' को जबरदस्त रिस्पॉन्स



**रायपुर।** रक्षाबंधन के खास अवसर पर बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित 'द ग्रेट इंडियन शॉपिंग फेस्टिवल' को शहरवासियों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह विशेष सेल गुरु तेगबहादुर हॉल घड़ी चौक के पास लगाई गई है। सेल के संचालकों के अनुसार, सीमित समय के लिए चल रही इस सेल में राखी, रूमाल, साड़ियां, पुरुषों और महिलाओं के पहनावे सहित किड्स वियर पर शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। खास बात यह है कि सभी आइटम्स डायरेक्ट फैक्ट्री रेट्स पर उपलब्ध हैं। शॉपिंग फेस्टिवल में पारंपरिक राखियों के साथ ही महिलाओं के लिए कांजीवरम व बनारसी जैसी साड़ियों की बड़ी रेंज भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पुरुषों के लिए ब्रांडेड टी-शर्ट्स, जींस और फॉर्मल वियर, वहीं बच्चों के लिए ट्रेंडी ड्रेसेस भी शामिल हैं। आयोजकों ने ग्राहकों से अपील की है कि वे समय रहते इस अवसर का लाभ उठाएं।

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में 'वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक' का आयोजन



**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में सोमवार को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हॉस्पिटल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मेघा खेमका रहीं। इस वर्ष की थीम 'प्रायोरिटीज ब्रेस्टफीडिंग-क्रिएट सस्टेनेबल सपोर्ट सिस्टम' को ध्यान में रखते हुए नवप्रसूताओं को स्तनपान के महत्व और उससे जुड़े स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अस्पताल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. संजना खेमका ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम और संपूर्ण आहार है। इसे 'लिक्विड गोल्ड' भी कहा जाता है, क्योंकि यह पूरी तरह प्राकृतिक, पोषणयुक्त और अमूल्य होता है। नवजात को जन्म के पहले छह महीने तक अनिवार्य रूप से स्तनपान कराना चाहिए। वहीं पीडियाट्रिशियन डॉ. अंकिता पटेल ने बताया कि नवजात को समय पर और सही ढंग से स्तनपान कराना अत्यंत जरूरी है।

### आईएसबीएम विवि में प्लेसमेंट के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष के छात्रों को प्लेसमेंट के लिए तैयार करने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा संचालित हुआ, जिसमें छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स, इंटरव्यू तकनीक, ग्रुप डिस्कशन और रिज्यूमे बिल्डिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में 9 इनोवी सॉफ्टवेयर प्रा. लि. के अक्षत दीक्षित ने कहा कि कंपनियां डिग्री से अधिक व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और टीम वर्क को महत्व देती हैं। वहीं केवी क्लीनिकल रिसर्च की एचआर मैनेजर मनीषा अग्रवाल ने क्लीनिकल ट्रायल में कॅरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और इंटर्नशिप के अवसरों की जानकारी दी। कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को सिर्फ शिक्षित नहीं, बल्कि रोजगार योग्य भी बनाना चाहता है। कार्यक्रम का समापन प्लेसमेंट ऑफिसर निरंजन निकुंभ के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### आईसीएसआई रायपुर ने मनाया 27वां स्थापना दिवस



**रायपुर।** आईसीएसआई रायपुर चैप्टर ने होटल बेबीलॉन में 27वें स्थापना दिवस और राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय 'कंपनी सेक्रेटरीजः विकसित भारत की ओर एक कदम' था। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम गुप्ता उपस्थित रहे। आईसीएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएस धनंजय शुक्ला और उपाध्यक्ष सीएस पवन चांदक ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री शुक्ला ने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका अहम होगी। रायपुर चैप्टर अध्यक्ष सीएस शुभम कानकानी ने बताया कि इस आयोजन 160+ सदस्य और 130 छात्र शामिल हुए, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन बना।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में जैव-औषधियों पर जोर




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आरएन पटेल ने ट्रांसलेशनल रिसर्च और पारंपरिक औषधीय ज्ञान के आधुनिकीकरण पर बल दिया। पहले दिन चार वैज्ञानिक सत्र आयोजित हुए, जिनमें विशेषज्ञों ने बौद्धिक संपदा अधिकार, पारंपरिक जैव तकनीकों तथा रिकॉम्बिनेंट थेरेपी जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। संगोष्ठी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से वैज्ञानिक और शोधार्थी शामिल हुए। संयोजक प्रो. एस. प्रकाश राव तथा संयोजिका अंचल वर्मा रहीं।

## हरी झंडी मिलते ही छापा, तेलीबांधा की मिठाई दुकान में दो दिन उत्पादन पर रोक, शंकरनगर की दुकान में मिली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अभियान की शुरुआत, जिले के दर्जनभर सहित प्रदेश में सौ खाद्य पदार्थों के लिए गए सैंपल

खाद्य पदार्थों के जांच अभियान को हरी झंडी मिलने के बाद जांच टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। तेलीबांधा के स्वीट हैट एंड बेकर्स में गंदे बर्तन में रखे खाद्य पदार्थ पाए जाने पर वहां दो दिन उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं शंकरनगर के दिल्ली बेकर्स में गंदगी मिलने पर चेतावनी देकर तीन खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के इस अभियान को सोमवार को हरी झंडी मिलने के बाद जांच टीम ने तेजी दिखाई है। अभियान के तहत देर शाम तक प्रदेश में करीब 4 सौ खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच करने के साथ ही सौ से ज्यादा सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। रायपुर जिले में एफडीए की टीम ने करीब दो दर्जन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों की रसोई में जाकर जांच की और गंदगी मिलने पर व्यापारिक संस्थानों के संचालकों को सुधार के लिए कड़ी चेतावनी दी। जांच टीम तेलीबांधा के स्वीट एंड हैट बेकर्स में जांच के लिए पहुंची तो गंदे बर्तनों में खाद्य पदार्थों का भंडारण और निर्माण किया जा रहा है। लापरवाही को देखते हुए संबंधित प्रतिष्ठान में अगले दो दिन के लिए खाद्य पदार्थों के उत्पादन पर रोक लगा दी गई है।



साथ ही उनके लिए सुधार सूचना जारी की गई है। टीम इसके बाद शंकरनगर स्थित दिल्ली बेकर्स पहुंची, वहां भी मिठाई से लेकर अन्य खाद्य पदार्थ बनाने के लिए सफाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा था। संस्थान के संचालक को चेतावनी जारी करने के साथ वहां के विभिन्न खाद्य पदार्थों के तीन सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इसके अलावा विभागीय टीम अन्य इलाकों में जाकर जांच करने के साथ संदेह होने पर सैंपल भी उठाती रही।

### जागरूकता का प्रयास भी

तीन दिन के इस अभियान में खाद्य प्रतिष्ठानों में जाकर जांच की जाएगी और नमूने एकत्रित किए जाएंगे। इसके साथ ही सघन निरीक्षण के साथ-साथ आम लोगों के बीच जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा।

*- दीपक अग्रवाल, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन*

### अमानक खाद्य पदार्थ कराए नष्ट

"बने खाबो-बने रहिबो" अभियान के तहत रायपुर जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 8 विधिक नमूने जांच के लिए संग्रहित किए जा चुके हैं। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से मौक पर 83 खाद्य नमूनों की ऑनस्पाट जांच की गई, जिसमें से 79 नमूने मानक तथा 4 नमूने अमानक पाए गए। अमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कराया गया। अभियान के प्रथम दिन कुल 35 किग्रा अमानक खाद्य पदार्थ, दही एवं रसगुल्ले नष्ट किया गए। उपरोक्त विधिक खाद्य नमूनों की सैंपलिंग स्वीट हॉट तेलीबांधा, हल्दीराम स्वीट्स शंकर नगर एवं न्यू दिल्ली स्वीट्स शंकर नगर से की गई। इसी क्रम में खराब हो चुकी 15 किलो दही एवं 10 किलो गुलाब जामुन तथा रसगुल्ला स्वीट हॉट रेस्टोरेंट तेलीबांधा में नष्ट कराया गया। इसी प्रतिष्ठान से 50 किलो पनीर जब्त किया गया। "बने खाबो-बने रहिबो" अभियान को बड़े पैमाने पर जनसहयोग मिल रहा है। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन जहां पर जांच के लिए पहुंचता है, वहीं लोगों की भीड़ लग रही है।



### प्रेस क्लब में दिवंगत शर्मा की पुण्यस्मृति में शोकसभा कल

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के पूर्व महासचिव, वरिष्ठ मानद सदस्य एवं वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट दिवंगत विनय शर्मा की पुण्यस्मृति में 6 अगस्त बुधवार को दोपहर 1 बजे रायपुर प्रेस क्लब में शोकसभा रखी गई है, जिसमें प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर एवं महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचने का अनुरोध किया है।

### कोटा मार्ग पर अनुमति विपरीत निर्माण तोड़ा

**रायपुर।** जोन-7 के नगर निवेश विभाग द्वारा कोटा मार्ग पर करीब 200 वर्गफीट क्षेत्र में अनुमति विपरीत निर्माण को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन-7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मार्ग निर्देशन में अनुमति विपरीत निर्माण को तोड़ा गया।

## पेज 09 के शेष ...

### इंटरसिटी ने पहले...

बुकिंग रायपुर स्टेशन से हुई। रायपुर से जबलपुर तक अलग-अलग स्टेशनों के लिए यात्रियों ने सफर किया। अकेले रायपुर से विभिन्न कोच में 200 से ज्यादा यात्री चढ़े। दुर्ग व राजनांदगांव से अपेक्षाकृत कम यात्री मिले। गोंदिया से लेकर नैनपुर, बालाघाट और जबलपुर के बीच भी बड़ी संख्या में यात्रियों ने ट्रेन की सेवाएं लीं। यात्रियों का उत्साह देख दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ-साथ अन्य जोन में भी इस ट्रेन को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

### बंगाल की खाड़ी में...

और बलरामपुर में 11-11 सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा वहां के दर्जनभर से ज्यादा इलाके में हल्की से मध्यम वर्षा भी दर्ज की गई है। अभी राज्य में व्यापक बारिश नहीं हो रही है। अनुमान है कि 8 अगस्त के बाद तैयार होने वाले सिस्टम के प्रभाव से यहां वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। रायपुर में एक से 4 अगस्त के बीच केवल छह मिमी. और प्रदेश में महज 16 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

# आज आएगी नैक टीम, रविवि ने कहा-परीक्षा की घड़ी में सहयोग प्रदान करें, सभी को अपडेट रहने आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 5 से 7 अगस्त तक विवि का मूल्यांकन करेगी नैक टीम, इसके आधार पर मिलेगी नई ग्रेडिंग
- बीते 6 माह से तैयारियों में जुटा हुआ है विवि प्रबंधन, ऑनलाइन निरीक्षण नहीं होने से राहत

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में नैक टीम आज निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। आज से तीन दिनों तक नैक टीम विवि विभिन्न विभागों का भ्रमण करने के साथ ही छात्रों से फीडबैक भी लेगी। बीते 6 माह से नैक निरीक्षण का इंतजार कर रहे विवि प्रबंधन ने अंतिम दिनों में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों सहित छात्रों को सूचना देते हुए परीक्षा की घड़ी में साथ देने का अनुरोध किया गया है। 5 से 7 अगस्त तक निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों और खूबियों के आधार पर ही विवि को नई ग्रेडिंग मिलेगी।

गौरतलब है कि विवि के पास वर्तमान में बी प्लस ग्रेड है। इसके पूर्व विवि के पास ए ग्रेड था। 2023 में मिली नई ग्रेडिंग से असंतुष्ट विवि प्रबंधन ने पांच वर्ष पूर्ण होने से पहले ही पुनः निरीक्षण के लिए आवेदन दिया था। विवि अपने पुराने ए ग्रेड को पाने मशक्कत कर रहा है। इसके पूर्व नैक टीम द्वारा निश्चित तिथि नहीं दिए जाने के कारण डिजिटल निरीक्षण के भी कयास लगाए जा रहे थे। तारीख मिलने के बाद अब विवि ने राहत की सांस ली है।



### दुर्गा महाविद्यालय को बी ग्रेड

रायपुर के शीर्ष निजी महाविद्यालयों में शामिल दुर्गा महाविद्यालय में नैक टीम निरीक्षण के लिए बीते दिनों आई थी। दुर्गा महाविद्यालय को नैक टीम ने बी ग्रेड प्रदान किया है। इसके पूर्व दुर्गा महाविद्यालय को सी ग्रेड प्रदान था। इस तरह से महाविद्यालय की ग्रेडिंग में सुधार हुआ है। सूत्रों के अनुसार, नियमित प्राध्यापकों की कमी, इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम संबंधित उपकरणों की कमी, नए कोर्स प्रारंभ नहीं करने, पुस्तकालय में अधिक पुरानी किताबें होने सहित कई कारण रहे, जिसके चलते महाविद्यालय बी प्लस या ए ग्रेड हासिल नहीं कर सका। हालांकि पिछली ग्रेडिंग से सुधार होने के कारण महाविद्यालय प्रबंधन संतुष्ट है। दुर्गा महाविद्यालय का निरीक्षण नैक टीम ने डिजिटली किया था।

### कल छात्रों से मिलेगी नैक टीम

एक दिन पूर्व विवि ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विशेष पत्र जारी किया है। सभी को 10 बजे के पूर्व अपने विभाग में उपस्थित होने कहा गया है। इसके अलावा कर्मचारियों को विशेष रूप से हिदायत दी गई है कि वे विवि द्वारा प्रदान किए गए यूनिफॉर्म में ही पहुंचे। शेड्यूल के अनुसार, नैक टीम 6 अगस्त को विवि के वर्तमान और भूतपूर्व छात्रों के साथ रूबरू होगी। वहीं 7 अगस्त को विवि के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ संवाद होगा। फॉर्मेसी डिपार्टमेंट के एमएल श्रॉफ हॉल में यह निरीक्षण कार्यक्रम होगा। इस दौरान नैक टीम के सदस्य छात्रों और शिक्षकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानेंगे।

## खबर संक्षेप



### महादेवघाट में शिवसेना ने कराया भंडारा

**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई ने सावन के अंतिम सोमवार के मौके पर रायपुरा स्थित महादेवघाट में भंडारा का आयोजन किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संजू साहू, जिला महासचिव नरेंद्र प्रजापति, सह सचिव लीलाधर यदु, महावीर यादव, अजय, राहुल, कोमल, शिवा और अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### माता कौशल्या की प्रतिमा के लिए लाई पवित्र मिट्टी का स्वागत



**रायपुर।** चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा रायपुर जिले के चंदखुरी में माता कौशल्या संग तीजा तिहार मनाने के लिए आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को माता कौशल्या की मूर्ति के लिए अयोध्या से लाई गई पवित्र मिट्टी का रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उत्सव मनाया गया और मिट्टी को पूरे विधि-विधान से स्वीकार किया गया। यह जानकारी परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने देते हुए बताया कि माता कौशल्या की मूर्ति के लिए मिट्टी लेने अयोध्या दो वरिष्ठ सदस्य डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं राजेश शर्मा गए थे, जिसकी वापसी पर रेलवे स्टेशन में स्वागत किया गया। माता कौशल्या की आरती भी की गई। मंगलवार को मिट्टी मूर्तिकार पीलू साहू को सौंपी जाएगी। स्वागत कार्यक्रम में हेमलाल पटेल, नरेंद्र यादव, घनश्याम वर्मा, विजय साहू, आकाश चंद्रवंशी, डॉ. सत्यजीत साहू सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### स्टेशन रोड गुरुद्वारा में मंत्रिप्त कौर का किया सम्मान



रायपुर। राष्ट्रपति रोवर रेंजर अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर और उनके पिता सीजी चैंबर के प्रमुख सलाहकार गुरजीत सिंह संधू को सरोपा भेंट कर सम्मान किया। यह सम्मान धन धन बाबा दीप सिंह सेवादल स्टेशन रोड गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी भाई दया सिंह ने सोमवार को किया। इस अवसर पर गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, लक्की मक्कड़, कुलदीप मक्कड़, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, अमनदीप छाबड़ा ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया और उज्ज्वल भविष्य की गुरु साहेब से अरदास की।

### बोलबम सेवा समिति का भवन बना कांवड़ियों के लिए आश्रय स्थल

**रायपुर।** शहर के प्रसिद्ध हाटकेश्वरनाथ के प्रांगण में बोलबम सेवा समिति का तिमंजिला भवन श्रावण मास में आने वाले हजारों कांवड़ियोंके लिए आश्रय स्थल बना हुआ है। समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव रामअवतार अग्रवाल, रज्जू भाई अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति की ओर से प्रतिदिन कांवड़ियोंएवं सामान्य भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की जाती है।

## संभागायुक्त महादेव कावरे आवेदनों पर करेंगे सुनवाई

# रायपुर संभाग में युक्तियुक्तकरण से 530 शिक्षक असंतुष्ट, होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर जिले में युक्तियुक्तकरण से असंतुष्ट शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अब संभाग आयुक्त स्वयं सुनवाई करेंगे। संभाग आयुक्त ने संभाग अंतर्गत सभी जिलों में युक्तियुक्तिकरण के तहत शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर जिला स्तर की समितियों के निर्णय के विरुद्ध दावा-आपत्ति मंगवाई थीं, ताकि उनका निराकरण किया जा सके। इसके तहत रायपुर संभाग से कुल 530 आवेदन किए आए हैं। आयुक्त ने इन आवेदनों के निराकरण के लिए अब जिलेवार आवेदनों की सुनवाई करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी जिलों के लिए सुनवाई की अलग-अलग तारीख भी तय की है।

छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत सभी जिलों में कई शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को दूसरे शासकीय स्कूलों में विलय करने के साथ उनमें पदस्थ शिक्षक भी दूसरे स्कूल में स्थानांतरित किए गए हैं, लेकिन शिक्षकों के स्थानांतरण में कई तरह की गड़बड़ियां भी हुई हैं, जिससे असंतुष्ट होकर कई शिक्षक हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। वहीं शासन के निर्देश पर संभाग स्तर पर आवेदन एवं शिकायतों के निराकरण के लिए गठित की गई संभाग स्तर की समितियों के पास आवेदन भी किए गए हैं। रायपुर संभाग में थोक में शिक्षकों ने आवेदन किए हैं, जिनमें ज्यादातर युक्तियुक्तकरण के लिए गठित की गई जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध शिकायत है।

### संभाग आयुक्त ने तय की अलग-अलग जिले के आवेदनों पर सुनवाई की तारीख


नए सत्र से राजधानी में 1422 की जगह 1033 शासकीय शाला, एक ही कैंपस में लग रहे 385 विद्यालय मर्ज

- सभी जिलों के लिए सुनवाई की अलग-अलग तारीख भी तय
- संभाग स्तर पर आवेदन एवं शिकायतों के निराकरण के लिए गठित की गई समिति

### आवेदनों के निराकरण के लिए सुनवाई

युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध आए आवेदनों का निराकरण सुनवाई कर करेंगे। इसके लिए तारीख तय कर दी है। सुनवाई में आवेदकों को भी बुलाया गया है। - **महादेव कावरे,** संभागायुक्त, रायपुर

### शिक्षकों को सुनवाई में दस्तावेजों के साथ आना होगा

युक्तियुक्तकरण में ज्यादातर शिक्षक स्थानांतरण से असंतुष्ट है। उन सभी शिक्षकों को अपने सारे दस्तावेजों के साथ सुनवाई में पहुंचना होगा। सुनवाई में जिला स्तर पर गठित की गई समिति के सदस्यों को भी बुलाया जाएगा, ताकि सुनवाई के दौरान आवेदकों के साथ समिति के सदस्यों का भी पक्ष जाना जाए।

### बलौदाबाजार जिले के आवेदनों से शुरू होगी सुनवाई

सुनवाई की शुरुआत बलौदाबाजार जिले से आए आवेदनों के साथ होगी। इसके लिए 6 एवं 8 अगस्त को सुनवाई रखी गई है। इसके बाद 12 तारीख को धमतरी, 19 तारीख को महासमुंद, 23 एवं 23 तारीख को गरियाबंद तथा अंत में 29 एवं 30 अगस्त को रायपुर जिले के आवेदनों पर सुनवाई की जाएगी।

### इस तरह के आवेदन ज्यादा

संभाग आयुक्त कार्यालय में ज्यादातर स्थानांतरण, काउंसिलिंग में नियमों का पालन नहीं करना, अपील का मौका नहीं देना सहित अन्य कई कारणों से शिक्षकों ने जिला स्तरीय समिति के विरुद्ध शिकायतें की हैं।

# गोगांव मुख्य मार्ग किनारे बनी 3 दुकानें तोड़ीं, जलभराव रोकने पाटे पर किया प्रहार

- दुकानदार और निगम अधिकारियों के बीच बहस
- स्थानीय लोगों का आरोप-चुनिंदा दुकानों पर कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर में स्थित जोन-1 क्षेत्र में नगर निगम का तोड़दस्ता सोमवार को एक फिर गरजा। गोगांव क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे बनीं 3 दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। इस दौरान दुकानों के सामने नाली पर बनाए गए अवैध पाटे भी तोड़े गए। निगम की इस कार्रवाई का स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों ने विरोध भी किया। रहवासियों और प्रभावित दुकानदारों ने निगम पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। मौके पर पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के साथ दुकानदारों की नोकझोंक भी हुई। वहीं कांग्रेस नेता पंकज शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ का विरोध किया।

दरअसल नगर निगम जोन-1 के संत कबीरदास वार्ड के गोगांव इलाके में तोड़फोड़ की यह कार्रवाई हुई, जिसमें 3 दुकानों को तोड़ा गया। वहीं नाली के ऊपर आ रही कुछ दुकानों के सामने के हिस्से में तोड़फोड़ कर प्रभावित एरिया को कब्जामुक्त कराया गया। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि बुलडोजर कार्रवाई से पहले उन्हें न किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया गया, न ही कोई जानकारी दी गई, जबकि जोन-1 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने कहा है कि नाली के ऊपर अवैध निर्माण किए जाने से जलभराव की समस्या आ रही थी। हमने प्रभावित दुकानदारों को नोटिस दिया था, अवैध निर्माण नहीं हटाने के बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की है। इसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं किया गया है। सोमवार को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक नाली पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ने निगम की टीम डटी रही। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, जोन-1 नगर निवेश टीम ने अवैध निर्माण हटाने अभियान चलाया। निगम की इस तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान मुख्यालय नगर निवेश की टीम प्रहरी, पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही।

### हगरिया तालाब के पास अवैध कब्जा हटाया



नगर निगम जोन-9 की टीम ने कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के हगरिया तालाब के पास अवैध रूप से बनाए गए बाउंड्रीवऍल को तोड़कर तालाब के पास अवैध कब्जा हटाने अभियान चलाया। यह अभियान जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता ओपी वर्मा, उप अभियंता आशुतोष पांडेय की उपस्थिति में चलाया गया। तालाब के पास अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर निगम की टीम ने कार्रवाई में तत्परता दिखाई।

# खारुन में डूबने से युवक की मौत, खुदकुशी की आशंका

- खुदकुशी के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में सोमवार तड़के एक युवक की लाश मिली है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक फाफाडीह का रहने वाला है। मृतक के घटना दिनांक के एक दिन पूर्व रविवार को घर से निकलने की जानकारी मिली है। पुलिस युवक द्वारा खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त कर रही है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की शिनाख्त फाफाडीह त्रिमूर्ति नगर निवासी जितेंद्र बाघ (23) के रूप में हुई है। सुबह लोगों ने पानी में एक युवक की लाश डूबते-उतराते देखी। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से लाश को पानी से बाहर निकाला और उसकी शिनाख्ती कर परिजनों को सौंप दी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक, जितेंद्र कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। वह किस बात को लेकर परेशान था। इसकी जानकारी पुलिस तथा मृतक के परिजनों को भी नहीं है। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस कुछ बता पाने की बात कह रही है।

- मृतक फाफाडीह का निवासी, रविवार को घर से निकला था



### एक पखवाड़े के भीतर चार की मौत

एक पखवाड़े के भीतर खारुन नदी में डूबने से यह चौथी मौत है। पिछले महीने 24 जुलाई को रामकुंड, बजरंगनगर निवासी छह बच्चे अम्लेश्वर स्थित जमराव एनीकट सैर करने गए थे। खाना खाने के बाद दो बच्चे नहाने के लिए पानी में उतर गए। पानी के तेज बहाव में दोनों बच्चे अपना बैलेंस संभाल नहीं पाए और बहते चले गए। अपने साथी को नदी में बहता देख मौके पर उपस्थित बच्चे शोर मचाने लगे। तब मौके पर उपस्थित लोगों ने एक बच्चे को पानी से बाहर निकाला, जिसकी मौत हो चुकी थी। दूसरे बच्चे का शव एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर नदी से बाहर निकाला। एक अन्य मामले में पिछले सप्ताह शोक कार्यक्रम में शामिल होने गए एक अधेड़ की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। अधेड़ हाथ-मुंह धोने नदी में उतरा था।



### गुढ़ियारी स्कूल में लगाया आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा महावीर हाई सेकेंडरी स्कूल गुढ़ियारी में सोमवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों के आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। यह पहल विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और छात्रों का डेटा एकत्रित कर आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को प्रारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत योग्य विद्यार्थियों को 5 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा, जिससे वे देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में निशुल्क उपचार प्राप्त कर सकेंगे।

# कांवड़ यात्रा निकालकर मांगी नौकरी कहा-युक्तियुक्तकरण ने समाप्त किए पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के युवाओं ने कांवड़ यात्रा निकालकर शिक्षक पद भर्ती की मांग की है। छग प्रशिक्षित शिक्षक संघ के बैनर तले यह विरोध-प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन करने वाले युवा बीएड और डीएलएड डिग्रीधारी हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण किए जाने के कारण प्रदेश में शिक्षकों के पदों में कमी आई है।

युक्तियुक्तकरण को समाप्त कर बंद हुए या मर्ज किए गए 10538 स्कूलों को पुनः खोलने और शिक्षकों के पद सृजित करने की मांग की गई है। अपनी मांगों को अलग तरीके से सरकार तक पहुंचाने के लिए युवाओं ने कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान शिव से प्रार्थना करते हुए कहा कि जल्द शिक्षक भर्ती शुरू हो। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे वर्षों से बेरोजगार हैं, जबकि प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी है।

संघ का कहना है कि फरवरी 2024 विधानसभा में तत्कालीन शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षकों के 33 हजार पदों पर भर्ती की बात कही थी। उक्त भर्ती की केवल घोषणा ही अब तक की जा सकी है। घोषणा के आधार पर बड़ी संख्या में छात्रों ने बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों में दाखिला ले लिया था, लेकिन उन्हें सिर्फ निराशा ही मिली। यदि दिसंबर 2025 तक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई, तो उनके द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



- बीएड व डीएलएड डिग्रीधारी युवाओं ने की शिक्षक भर्ती की मांग
- महादेव घाट से दूधाधारी मठ तक निकाली कांवड़ यात्रा

### वादाखिलाफी का आरोप

युवाओं का आरोप है कि सरकार ने चुनाव से पहले मोदी की गारंटी के तहत बड़े पैमाने पर शिक्षक भर्ती का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार के 2 साल पूरे होने के बाद भी शिक्षक भर्ती शुरू नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। संघ के संचालक हेमंत कुमार और व्यवस्थापक अमन यादव ने कहा, यह आंदोलन सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को बचाने की लड़ाई भी है। शिक्षक भर्ती किए जाने से प्रदेश के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

# तीन दिन बाद डगनिया पानी टंकी से शाम को मिला पानी, महापौर नाराज, अफसर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महापौर मीनल चौबे ने स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा, जल विभाग के इंजीनियर को दी हिदायत



डगनिया पानी टंकी से 3 दिन बाद हजारों लोगों को पेयजल आपूर्ति होने से राहत मिली है। पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल वार्ड और पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के दर्जनभर से ज्यादा रहवासी इलाकों में शुक्रवार की शाम से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से हजारों लोग पानी के लिए तरस गए।

यह स्थिति जोन-5 की डगनिया पानी टंकी में जल आपूर्ति के दौरान एयर रिलीव के समय पाइप ब्लास्ट होने से निर्मित हुई। बाद में वॉल्व की खराबी की समस्या सामने आई। इसके चलते सुंदरनगर, अश्वनी नगर, डगनिया, शांति विहार कालोनी, शिक्षक कॉलोनी, लाखेनगर ढाल, हनुमान नगर, रोहिणीपुरम, दौलत एस्टेट, शहनाई गार्डन क्षेत्र, साहूपारा, कृष्णसखा सोसायटी, मुकुट नगर, खदान बस्ती क्षेत्र में जल आपूर्ति ठप रही। दरअसल नगर निगम जोन-5 क्षेत्र के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड स्थित डगनिया पानी टंकी से लगातार 3 दिनों तक पेयजल आपूर्ति बाधित होने से 3 वार्ड के हजारों रहवासी पानी के लिए तरस गए। बिना सूचना के जल आपूर्ति ठप होने से लोगों में खासा आक्रोश देखा गया। वहीं वार्ड प्रतिनिधि और संबंधित वार्ड के पार्षद लोगों के जल आपूर्ति से जुड़े सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। हैरानी की बात ये रही कि पेयजल समस्या दूर करने के लिए निगम स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से गरीब व मध्यम परिवार सुबह-शाम पेयजल को लेकर चक्कर लगाते रहे।

### *महापौर पहुंचीं मौके पर, पानी टंकी का जायजा लिया*

*डगनिया पानी टंकी से 3 वार्ड के हजारों लोगों को पानी आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पर सोमवार को महापौर मीनल चौबे स्थल पर पहुंचीं। इस दौरान एमआईसी सदस्य और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड पार्षद सुमन-अशोक पांडे के साथ मौके पर निरीक्षण किया। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पानी की आपूर्ति में आ रही समस्या का तुरंत और प्रभावी रूप से निराकरण किया जाए। मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारी को पेयजल समस्या 3 दिन तक दूर नहीं किए जाने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पेयजल नगर निगम की अत्यावश्यक सेवा है, इसकी आपूर्ति हर हाल में प्रमुखता से की जाए, जनता को तीन दिनों तक जो असुविधा हुई उसके लिए जिम्मेदार कौन है? पेयजल आपूर्ति हमारी पहली प्राथमिकता हो, इसमें किसी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।*



हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



‘भगवान शिव की आराधना के लिए पवित्र मास सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तिमय माहौल रहा। सुबह से देर रात तक लोग शिव की आकर्षक झांकी और श्रृंगार दर्शन के लिए पहुंचे। इसे देखते हुए महादेव को बाबा बर्फानी, महाकाल और खाटू श्याम स्वरूप देने में भक्तों को 03 से 04 घंटे लगे। भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने के लिए छोटे-छोटे ग्रुप कांवड़ यात्रा का हिस्सा बने। इस वजह से महादेव घाट स्थित श्री हाटकेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा। आतिशबाजी के चलते उत्सव का माहौल बना।’



सावन के अंतिम सोमवार को सड़क से लेकर शिवालयों तक आस्था की भीड़, दिनभर किया अभिषेक

# बाबा बर्फानी और महाकाल स्वरूप में महादेव का देशी-विदेशी फूलों से श्रृंगार, दर्शन करने उमड़ा सैलाब



रायपुर। मंत्रोच्चार के साथ सावन के अंतिम सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में विधि-विधान से हाटकेश्वर नाथ की पूजा -अर्चना की गई। भस्म आरती के बाद महादेव को देशी-विदेशी फूलों से खाटू श्याम के रूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। इसकी एक झलक पाने के लिए भक्त लंबी कतारों का हिस्सा बने। इस बीच कई ग्रुप अलग-अलग मोहल्ले से कांवड़ लेकर महादेव को अभिषेक करने के लिए पहुंचे। शाम को रंगीन लाइटों से जगमगाते मंदिर में भक्तों ने बैंडबाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए उत्सव का माहौल दिया। वहीं, कांवड़ लेकर जाने वाले लोगों के लिए आमापारा से लेकर महादेव घाट के बीच जगह-जगह भोग प्रसादी की सेवा दी गई। शहर की कई मंदिर समितियों ने सावन के इस सोमवार को भोग भंडारा किया।



सरजूबांधा मुक्तिधाम के पास टिकरापारा में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने शिव को बेल पत्र, जल, श्रीफल और धतूरे का फूल अर्पित किया। महिला भजन मंडलियों ने भजन-कीर्तन भी किया। आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया। इसमें माधव यादव, गोवर्धन झंवर, मीना यादव शामिल हुईं।



विवेकानंद सरोवर बूढ़ा तालाब के मध्य आदि शक्ति बूढ़ादेव मंदिर में दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। इस बीच बूढ़ादेव महादेव का विशेष अभिषेक, पूजा, आरती और श्रृंगार किया गया। इसमें बूढ़ादेव सेवा समिति के जुगल, जय प्रकाश तंबोली, वेंकट स्वामी, चंद्र प्रकाश शर्मा, युगल ठाकुर ने पूजा-अर्चना की।



पुष्टिकर समाज ने बूढ़ा तालाब के समीप स्थित बाबा बूढ़ेश्वर नाथ के निज मंदिर को बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा का स्वरूप दिया। मंदिर में दर्शनार्थियों ने बर्फ एवं विशुद्ध प्राकृतिक संसाधनों से अलंकृत गुफा और बूढ़ेश्वरनाथ को दिव्य स्वरूप दिया। दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों ने शीतलता का अनुभव किया।



कचना मार्ग के पास स्थित श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में विशेष पूजन किया गया। पीठ के संस्थापक डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के नेतृत्व में 11 आचार्यों के साथ शुक्ल यजुर्वेद रुद्राष्टाध्याई पाठ किया। अखिल अग्रवाल एवं रश्मि अग्रवाल ने पूजा और अभिषेक के बाद शाम को आरती से पहले दिव्य श्रृंगार किया।

## धूमधाम से पालकी के साथ निकले भक्त



जयशंकर परिवार द्वारा भोलेनाथ की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर में श्रद्धा और भक्ति से महाआरती के बाद शाम को पालकी यात्रा शुरू हुई। दत्तात्रेय मंदिर से बूढ़ेश्वर चौक, पुरानी बस्ती, कंकाली पारा, शक्ति बाजार एवं सदर बाजार मार्ग से होते हुए बूढ़ेश्वर मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने उत्साह से स्वागत किया। वातावरण हर हर महादेव और बोल बम के नारों से गूंज उठा। पालकी यात्रा के समापन पर बूढ़ेश्वर मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी सौम्या, कन्हैया अग्रवाल, सनी अग्रवाल, नागेंद्र वोरा, जयशंकर परिवार के अध्यक्ष साकेत वोरा, बंशी कन्नौजे, कमलेश नाथवानी, नवरतन महेश्वरी, अजय देवांगन और नरेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।



प्राचीन दत्तात्रेय मंदिर में भोलेनाथ और दत्त प्रभु का दुग्धाभिषेक पं. राजेश शर्मा के साथ भक्तों ने किया। तीन घंटे तक रुद्राभिषेक का सिलसिला चला। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ व दत्त प्रभु का श्रृंगार किया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया।



पुरानी बस्ती भनपुरी के गनपत बाड़ा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सावन के इस सोमवार को सभी भक्तों ने मिलकर रुद्राभिषेक किया। इस दौरान भक्तों की भीड़ लगी रही। भोग भंडारे का आयोजन भक्तों के लिए किया गया।



सावन के खास मौके पर शिवालयों में बम-बम भोले का जयघोष सुनाई दिया। आखिरी सोमवार को कैलाश गिरी शिव मंदिर समिति वसंत विहार कॉलोनी में महा रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन किया गया।



सरोना शिव मंदिर में भक्ति के साथ ही उत्सव का भी माहौल रहा। यहां अरविंद सिंह सहित मंदिर के प्रमुखों ने सुबह अभिषेक किया। आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान का नयनाभिराम स्वरूप में दर्शन मिल सके।



सिद्धार्थ चौक के पास स्थित नरहरेश्वर महादेव के श्रीधाम में सावन मास उत्सव में बीत गया। इस कड़ी में सुबह से दोपहर तक भक्तों द्वारा अभिषेक किया गया। भजन-कीर्तन के बीच महादेव का विविध तरह के फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अद्भुत स्वरूप की एक झलक पाने के लिए लोग सपरिवार पहुंचे।



मठपुरैना के अयोध्या नगर में श्रीराम-जानकी, शिव मंदिर के पुजारियों और भक्तों ने मिलकर सावन के अंतिम सोमवार को शिवलिंग को महाकाल का स्वरूप देते हुए फूल-मालाओं से विशेष श्रृंगार भी किया। आसपास के लोग परिवार सहित दर्शन, अभिषेक और पूजा-अर्चना करने दिनभर पहुंचे।



बजरंग शिव मंदिर जोरापारा में 21 बर्फ के टुकड़ों, विविध फूलों और रुद्राक्ष की माला बनाकर भक्तों ने शिवलिंग का मनोहारी श्रृंगार किया। सुबह और शाम के समय की गई आरती में भक्तों और पुजारियों ने मिलकर भोलेनाथ का जयघोष किया। दिनभर दर्शन के लिए भक्तों की आवाजाही से रौनक भी रही।



बूढ़ापारा स्थित गणेश शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहा। व्रतधारियों ने भगवान शिव की आराधना के साथ श्रृंगार दर्शन के लिए पहुंचे। इस सोमवार को भी भक्तों ने आकर्षक स्वरूप देने का प्रयास किया। गुलाब, चमेली, मोंगरा सहित कई फूलों से सजे भगवान शिव आकर्षण का केन्द्र बने।

लाइव इवेंट

## शारीरिक रूप से कमजोर चेष्टा का जन्मदिन, सरप्राइज केक देख छलका आंसू



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर में सात वर्षीय नन्ही चेष्टा साहू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। दरअसल, चेष्टा शारीरिक रूप से कमजोर है। वह खैरागढ़ से पिता छन्नू लाल साहू और माता रानी साहू के साथ राजधानी फिजियोथैरेपी का इलाज के लिए पहुंच रही। ऐसे में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. संगीता कश्यप व मंडल के स्टाफ के सहयोग से नन्ही बिटिया का जन्मदिन खास बनाने सरप्राइज केक लाया गया, जिसे देखकर नन्ही की आंखें भर आईं। मंडल के सदस्यों ने बताया कि सात वर्षीया चेष्टा के लिए यह पल यादगार साबित हुआ। यह आयोजन मुख्य रूप से उसके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए रखा गया था। ताकि कई समस्याओं के बीच नन्ही के चेहरे पर खुशी देखने को मिल सकें।

### खैरागढ़ से राजधानी इलाज के लिए पहुंची नन्ही

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. संगीता बताया कि सात साल की बेटी चेष्टा के मसल्स हार्ड हैं। इसके कारण उसे चलने, हाथों को मोड़ने, बोलने जैसे शारीरिक गतिविधियों में समस्या होती हैं। लगभग एक महीने से उसका इलाज चल रहा है। उसके परिजनों का मानना है कि यहां आने से उसे लगभग 30 फीसद राहत मिली हैं। खुशी के अवसर पर कुणाल दत्त मिश्रा, मंजरी भगाड़े, श्रद्धा जोशी, मनीष देसाई, हुल्लास देवांगन सहित महाराष्ट्र मंडल के अन्य स्टाफ भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आराधना

## द्वेष और वैर की अग्नि मनुष्य को भीतर से झुलसा देती



रायपुर। भावोल्लास चातुर्मास समिति एवं विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही धर्म प्रवचन श्रृंखला में श्री चंद्रशेखर विजय जी महाराज साहेब की चौदहवीं स्वर्गारोहण तिथि के अवसर पर मुनि श्री प्रियदर्शी विजय महाराज ने उनके जीवन और उनके द्वारा किए गए अत्यधिक योगदानों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धालुओं ने श्री महाराज साहेब की महान साधना और समाज के लिए किए गए उनके अति महत्वपूर्ण कार्यों को स्मरण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूज्य मुनिश्री ने कहा कि प्रकृति ने मनुष्य को जीवन के लिए आवश्यक चार तत्व पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि प्रदान किए हैं। ये तत्व जब संतुलित रहते हैं, तो जीवन सुखमय होता है, लेकिन जब ये अपना रौद्र रूप धारण करते हैं, तो प्रलय मचा देते हैं।

### तूफान सब कुछ नष्ट कर देता है

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा –धरती जीवनदायिनी है, पर भूकंप आने पर वही विनाशकारी बन जाती है। जल जीवन है, परंतु बाढ़ के समय वही भय का कारण बन जाता है। वायु बिना जीवन संभव नहीं, लेकिन तूफान सब कुछ नष्ट कर देता है। अग्नि भोजन पकाती है, परंतु विकराल रूप में गांव को जला डालती है। इसी तरह, जब मनुष्य के मन में द्वेष और वैर की अग्नि जलती है, तो वह जीवन को भीतर से झुलसा देती है। पूज्य श्री ने कहा कि शास्त्रों में द्वेष को अग्नि के समान बताया गया है।

## अशोक पटवा बने वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के नए अध्यक्ष



रायपुर। रविवार को आयोजित वार्षिक आमसभा में अशोक पटवा को सर्वसम्मति से श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ रायपुर का नया अध्यक्ष चुना गया। उन्हें यह ज़िम्मेदारी निर्विरोध रूप से सौंपी गई, जो उनके प्रति संघजनों के अटूट विश्वास को दर्शाती है।सभा में वक्ताओं ने भरोसा जताया कि अशोक पटवा अपने नेतृत्व में संघ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे और संघ की गरिमा व मान-सम्मान में वृद्धि करेंगे। संघ परिवार ने उन्हें नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्नर न्यूज

महिलाओं ने मनाया आखिरी सावन उत्सव, सावन क्वीन बनीं डॉ. स्वाती बिसेन

# पारंपिक परिधानों के साथ सोलह श्रृंगार में मना उत्सव



रायपुर। पोवार महासंघ की महिलाओं ने रविवार को आखिरी सावन उत्सव मनाया। यह आयोजन शंकर नगर स्थित वीआईपी क्लब में हुआ, जहां महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम को एंजाय किया। इस उत्सव में सबने प्रकृति की रक्षा व नारी सम्मान का संकल्प लिया। सभी महिलाएं पारंपारिक परिधानों के साथ सोलह श्रृंगार में नजर आईं। सांस्कृतिक परंपराओं के रूप में सबने एक-दूसरे को झूला झुलाया, सावन के गीत गाए और सामूहिक दोस्ती दिवस पर बधाई दी। हास्य और मनोरंजन से भरपूर महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक व पारंपरिक खेल, सावन क्वीन जैसी कई स्पर्धाओं में 45 महिलाओं ने भाग लिया। बहन जोड़ी प्रतियोगिता में प्रथम कल्पना देशमुख व नमिता बिसेन, द्वितीय नंदा दीदी व अनिता गौतम विजेता बनीं। वहीं, सावन क्वीन स्पर्धा में डॉ. स्वाती बिसेन प्रथम और हरित सिंगर में प्रथम प्रियंका, द्वितीय शिखा पारधी व तृतीय जागृती राणा रहीं।



### बॉलीवुड सांग्स पर थिरकी महिला अधिवक्ता

जिला अधिवक्ता संघ ने न्यायालय परिसर में सावन उत्सव मनाया। इसमें महिला अधिवक्ताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जहां उन्होंने उत्साह से शिरकत की। अधिवक्ता मुस्कान भदौरिया को मिस सावन का ख़िताब मिला। महिला अधिवक्ताओं के लिए घर-परिवार और न्यायालय की व्यस्त दिनचर्या से अलग मनोरंजन का सुअवसर मिला। सभी ने बॉलीवुड सांग्स पर जमकर डांस किया। यह अवसर संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने दिया। उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार, सांस्कृतिक सचिव परस राम कश्यप तथा महिला उपाध्यक्ष रितु बुंदेला ने भी संबोधित करते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। गायत्री साहू, सावित्री नायक उर्वशी घोष पाल ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### महिला महामंच ने मनाया सावन उत्सव



उत्कल गाड़ा समाज की महिला मंच ने उत्कल नगर आकाशवाणी में सावन उत्सव का आयोजन किया। इसमें भाजपा नेत्री उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश पदाधिकारी सावित्री जगत मुख्य अतिथि थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सावन मास में समाज द्वारा हर साल उत्सव मनाया जाता है। प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव और आपसी सामंजस्य और सौहार्द की मंशा से पहल की गई। उत्सव में महिलाएं हरे परिधान और श्रृंगार में पहुंचीं। सावन झूला का सभी अतिथियों और सामाजिक महिलाओं ने लुत्फ उठाया। उत्सव में मुख्य रूप सावित्री जगत, हेमा सागर, सपना महानंद, पार्वती, पूर्णिमा महानंद शामिल हुईं।

## ज्योतिष

# 50 साल बाद बनेगा पावरफुल त्रिग्रही योग, आकस्मिक धनलाभ के योग



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर ग्रह गोचर करके त्रिग्रही और चतुर्ग्रही योग बनाते हैं, जिसका प्रभाव मावन जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि द्रिक पंचांग के अनुसार, साल 2025 में 26 जुलाई को शुक्र देव ने मिथुन राशि में प्रवेश किया है। वहीं गुरु ग्रह मिथुन राशि में संचरण कर रहे हैं। ऐसे में इस वक्त मिथुन राशि में शुक्र और गुरु ग्रह साथ में विराजमान हैं। हालांकि इस बीच 18 अगस्त को चंद्र देव मिथुन राशि में कदम रखेंगे और मिथुन राशि में चंद्र, शुक्र और गुरु की युति यानी मिलन होगा। ऐसे में कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है।

**तुला राशि :** आप लोगों के लिए त्रिग्रही योग लाभदायक साबित हो सकता है क्योंकि यह योग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको किस्मत का साथ मिल सकता है। साथ ही आपके अटके हुए कार्य बन सकते हैं। वहीं नौकरी कर रहे जातकों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। साथ ही आप अपने करियर को लेकर सीरियस होंगे। अविवाहित जातकों के लिए रिश्ता आने का योग है। वहीं इस समय आप किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ ही नौकरी और व्यवसाय में उन्नति होगी और लंबी दूरी की यात्राएं फायदेमंद रहेंगी।

**मिथुन राशि :** त्रिग्रही योग का बनना मिथुन राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से लग्न भाव पर बनने जा रहा है। इस समय आप अधिक लोकप्रिय रहेंगे। साथ ही आपको मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वहीं वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी और साझेदारी के व्यवसाय में बड़ा मुनाफा हो सकता है। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आएगा और करियर में नई उपलब्धियां मिलेंगी। साथ ही इसके अलावा सेहत का भी साथ मिलेगा और गंभीर बीमारियां आपसे बहुत दूर रहेंगी।

# 12 महीने बाद बुध करेंगे सूर्य के घर में प्रवेश

वैदिक ज्योतिष अनुसार नवग्रह में कुछ ग्रहों की आपस में शत्रुता और मित्रता का भाव है। इसलिए जब भी गोचर में मित्र ग्रहों का संयोग बनता है तो उसका विशेष प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि 30 अगस्त को ग्रहों के



राजकुमार बुध अपने मित्र सूर्य की राशि में गोचर करने जा रहे हैं, जिससे 3 राशि के जातकों को धनलाभ और व्यापार-करियर में उन्नति के योग बन रहे हैं। साथ ही इन लोगों पर बुध ग्रह की विशेष कृपा रहने वाली है। वहीं देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**वृश्चिक राशि :** बुध ग्रह का राशि परिवर्तन आपको लाभप्रद साबित हो सकता है क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से से नौकरी और व्यापार के स्थान पर होने जा रहा है। इसलिए इस अवधि में आपको काम- कारोबार में अच्छी सक्सेस मिल सकती है। साथ ही जो लोग नौकरी की तलाश में है, उनको नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। वहीं इस समय आपको हर क्षेत्र में सहयोग मिलेगा, नौकरी और व्यवसाय में उन्नति होगी और लंबी दूरी की यात्राएं फायदेमंद रहेंगी। पिता या गुरु से सहायता मिल सकती है। साथ ही इस समय आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है।

**कर्क राशि :** बुध ग्रह का गोचर कर्क राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से धन भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही इस समय आपके व्यक्तित्व में निखार होगा। वहीं व्यवसाय में नए पार्टनर्स के साथ काम करने के मौके मिलेंगे और पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। वहीं आपके कम्युनिकेशन में सुधार आएगा। जिससे लोग इंप्रेस होंगे। वहीं अविवाहित जातकों के लिए रिश्ता आने का योग है। व्यापारियों को बड़े निवेश से लाभ होगा। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु राशि :** बुध ग्रह का गोचर धनु राशि के लोगों को सकारात्मक सिद्ध हो सकता है क्योंकि यह राशि परिवर्तन आपकी गोचर कुंडली से नवम भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको भाग्य का साथ मिल सकता। साथ ही इस दौरान आपकी बुद्धि और कौशल का स्तर बढ़ेगा और आपको अतिरिक्त धन कमाने का अवसर मिलेगा। वहीं इस समय धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ ही आप छोटी या बड़ी यात्रा कर सकते हैं, जो लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

## स्ट्रीट फूड्स में फाइबर और प्रोबायोटिक्स होते हैं

# पाचन को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं कुछ स्ट्रीट फूड्स, स्वच्छता का रखें ध्यान

पाचन को स्वस्थ रखना शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। भारतीय स्ट्रीट फूड्स न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि इनमें ऐसे गुण भी होते हैं, जो पाचन को सुधार सकते हैं। पानी पुरी, ढोकला, मिसल पाव, मूंग दाल चाट और भुट्टा जैसे स्ट्रीट फूड्स में फाइबर और प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। मगर इन स्ट्रीट फूड्स का सेवन जहां भी करें इस बात का जरूर ध्यान रखें की वहां साफ-सफाई है कि नहीं। इतना ही नहीं खाद्य सामग्री बनाने में उपयोग किया जा रहा मटेरियल किस तरह का है।



### पानी पुरी

पानी पुरी का पानी इमली, पुदीने, धनिये और गुड़ जैसे खाद्य पदार्थों से बनाया जाता है, जो पाचन को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पानी पुरी के लिए सूजी के गोलों को गहरा तलकर बनाया जाता है, जो फायदेमंद गुणों से भरे होते हैं। यह पेट के अच्छे जीवाणुओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

### ढोकला

ढोकला एक लोकप्रिय गुजराती व्यंजन है, जो चने के आटे से बनाया जाता है। यह भाप में पकाया जाता है, जिससे यह हल्का और पौष्टिक बनता है। ढोकला फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन को सुधारने में मदद करता है। इसमें मौजूद अच्छे बैक्टीरिया भी आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा ढोकला में हल्का मसालेदार स्वाद होता है, जो इसे और भी स्वादिष्ट बनाता है।

### मिसल पाव

मिसल पाव एक महाराष्ट्रीयन व्यंजन है, जिसमें मसालेदार सब्जियों को ब्रेड के साथ परोसा जाता है। यह व्यंजन प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन को सुधारने में मदद करता है। मिसल पाव में इस्तेमाल होने वाले मसाले जैसे जीरा, धनिया और लाल मिर्च भी पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह व्यंजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी है, जो इसे हर किसी का पसंदीदा बनाता है।

### मूंग दाल चाट

मूंग दाल चाट एक पौष्टिक स्नैक है, जिसे मूंग दाल, टमाटर, प्याज और मसालों से बनाया जाता है। मूंग दाल फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होती है, जो पाचन को सुधारने में मदद करती है। इस चाट में नींबू का रस और हरी चटनी मिलाई जाती है, जो इसे स्वादिष्ट बनाते हैं। मूंग दाल चाट को हल्के मसालों के साथ बनाया जाता है, जिससे यह हर किसी को पसंद आती है।

### भुट्टा

भुट्टा एक साधारण स्ट्रीट फूड है, जिसे खुले में भूनकर बनाया जाता है। यह विटामिन-C और फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। भुट्टे को नमक और नींबू डालकर खाया जाता है, जिससे इसका स्वाद बढ़ जाता है। ये सभी स्ट्रीट फूड्स न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि स्वस्थ भी होते हैं। इन्हें अपने आहार में शामिल करके आप अपने पाचन को बेहतर बना सकते हैं।

# सीबीएसई क्लस्टर-2 बैडमिंटन टूर्नामेंट में डीपीएस रायपुर बना चैंपियन, लगातार दूसरे वर्ष जीता गोल्ड




**रायपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, फरक्का एनटीपीसी, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) में 1 से 3 अगस्त 2025 तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-2 बैडमिंटन टूर्नामेंट में डीपीएस रायपुर की अंडर-14 बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों के 113 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 900 खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें 600 बालक और 300 बालिकाएं थे। फाइनल मुकाबले में डीपीएस रायपुर ने डीएवी पब्लिक स्कूल, बैरकपुर को हराया। विजेता टीम में अभिमन्यु सिंह, शाश्वत मिश्रा और श्रेयांस मिस्त्री शामिल रहे। टीम के कोच शक्ति मिश्रा ने बताया कि अब यह टीम सितंबर में गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित सीबीएसई नेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में भाग लेगी, जहां यह भुवनेश्वर ज़ोन का प्रतिनिधित्व करेगी। वर्ष 2024 में भी क्लस्टर-2 बैडमिंटन टूर्नामेंट, जो कि केपीएस भिलाई द्वारा आयोजित किया गया था, डीपीएस रायपुर की अंडर-14 बालक टीम ने जीता था। इस तरह डीपीएस रायपुर लगातार दो वर्षों से क्लस्टर चैंपियन बना हुआ है।

# पोहा से बनाए जा सकते हैं ऐसे स्वादिष्ट व्यंजन जो जब चाहे तब खाओ

आमतौर पर पोहा का सेवन नाश्ते में किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि पोहा से कई तरह के व्यंजन बनाए जा सकते हैं? पोहा चावल का एक रूप है, जो हल्का और आसानी से पचने वाला होता है इसलिए इसे किसी भी समय खाया जा सकता है। आइए आज हम आपको पोहे से बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें घर पर कुछ ही मिनटों में तैयार किया जा सकता है।

**पोहा कटलेट :** पोहा कटलेट एक बेहतरीन स्नैक है, जिसे आप शाम की चाय के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को धो लें और नरम होने दें, फिर इसमें उबले आलू, हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया और नमक मिलाकर अच्छी तरह से मसल लें। अब इस मिश्रण से छोटे-छोटे कटलेट बना लें और उन्हें तवे पर हल्का सा तेल लगाकर सुनहरा होने तक सेंके। इसे गर्मागर्म चटनी के साथ परोसें।

**पोहा टिक्की :** पोहा टिक्की बनाने के



लिए सबसे पहले पोहे को धोकर नरम कर लें, फिर उसमें उबले आलू, हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया और नमक मिलाकर अच्छी तरह मसल लें। अब इस मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्की बना लें और उन्हें तवे पर हल्का सा तेल लगाकर सुनहरा होने तक सेंके। इसे गर्मागर्म चटनी के साथ परोसें। यह टिक्की बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएगी और इसे बनाना भी बहुत आसान है।

**पोहा चीला :** पोहा चीला एक सेहतमंद विकल्प है, जिसे आप नाश्ते में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले पोहे को धोकर नरम कर लें, फिर उसमें बेसन, हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, नमक और थोड़ा पानी मिलाकर घोल तैयार करें।



# गर्भ में भ्रूण ज्यादा किस चीज को करते हैं पसंद और कैसे पहचानते हैं ममत्व?

प्रेग्नेंसी का समय हर महिला के लिए बहुत खास होता है। इस दौरान महिलाएं अपने गर्भ में एक नए जीवन को बढ़ते हुए महसूस करती हैं। गर्भ में पल रहे शिशु भी बाहर की दुनिया से अपने मां के द्वारा कनेक्ट होने की कोशिश करते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान मां जो भी खाती-पीती या सुनती-बोलती है उसका सीधा प्रभाव भ्रूण के स्वास्थ्य पर पड़ता है। लेकिन, क्या आपको पता है भ्रूण मां के गर्भ में रहते हुए कई चीजों को पसंद करते हैं और खुश होते हैं। मां के पेट में बच्चा जब भी कोई खास स्वाद या आवाज महसूस करता है, तो वह उस पर रिएक्शन देता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस बारे में चिकित्सक क्या देते हैं सलाह।

## गर्भ में भ्रूण किस चीज को कैसे करते हैं ग्रहण

**मीठे फलों और दूध का स्वाद सबसे ज्यादा पसंद :** प्रेग्नेंसी के दौरान मां के खाने का स्वाद भ्रूण को काफी पसंद आता है। प्रेग्नेंट महिला जो चीजें खाती है, उनका स्वाद



बच्चे को एम्निओटिक फ्लुइड के जरिए मिलता है। गर्भवती महिला के खाने से बच्चे के टेस्ट बड्स एक्टिव होने लगते हैं और उसे मीठी, खट्टी, और मसालेदार चीजों का स्वाद मिलने लगात है। मीठे फलों और दूध का स्वाद बच्चे को सबसे ज्यादा पसंद होता है।

**मां की आवाज सुन खुद को समझता है महफूज :** प्रेग्नेंसी के दौरान भ्रूण को मां की आवाज साफ सुनाई देती है और शिशु अपनी मां की आवाज को पहचानना शुरू कर देते हैं। मां की आवाज सुनने से शिशु को सुरक्षा और प्यार महसूस होता है, जिससे उनका मानसिक विकास सकारात्मक तरीके से प्रभावित होता है।

## प्रेग्नेंसी के दौरान मां को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाएं ज्यादा शोर-शराबे वाली जगहों पर जाने से बचें, क्योंकि तेज आवाजें शिशु के लिए असुविधाजनक हो सकती है, इसलिए शांत वातावरण बनाए रखने की कोशिश करें। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाएं बहुत तेज बात करने, बोलने या चिल्लाने से बचें, क्योंकि तेज आवाज में बात करने से शिशु पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाएं अपने पति या परिवार के अन्य सदस्याओं के साथ किसी भी तरह के मतभेद के दौरान अपनी आवाज पर कंट्रोल रखने की कोशिश करें, क्योंकि इससे शिशु पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**गर्भवती महिलाएं इनसे बचें :** प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं के खाने, गाने सुनने और अपने पेट को बार-बार छूना भ्रूण को काफी अच्छा लगता है। लेकिन, महिलाएं अपने गर्भावस्था के दौरान तेज आवाज में बात करने या गाना सुनने से बचें, क्योंकि ये शिशु के लिए असुविधाजनक हो सकता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

UNLIMITED QUALITY FOOD
NEW MENU EVERY DAY
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21TH JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh
Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051,9171500052

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईडिंग किया जाता है
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रूई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

BIG BULL
ई-रिक्शा & ई-लोडर
1.5 टन लोडिंग क्षमता
5 बैटरी - 150KM की रेंज
शुभ मार्केटिंग भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200, 72240 03520

सिंघम ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट
रिंग रोड नं.1, कुशालपुर चौक, भारत ट्रेडर्स के पास, रायपुर (छ.ग.)

शिवनारायण गुप्ता (शिव भोले) 24 घंटे गाड़ी उपलब्ध 93002 42718 97547 16618
श्री द्वारिका बोरवेल्स
सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता एवं भूजल सर्वेक्षण
5"6"7" बोर करवाने हेतु संपर्क करें
नोट : प्लॉट एवं मकान खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## सबसे अमीर के-पॉप सिंगर, कॉकरोच भरे कमरे में सोई, एजेंसियों ने ठगा



के-पॉप स्टार आईयू, जिनका असली नाम ली जी यून है, साउथ कोरिया की सबसे अमीर सिंगर हैं। 15 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर शुरू किया। उनका बचपन गरीबी में बीता। कई कंपनियों ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था। रिश्तेदारों ने उनका मजाक उड़ाया। के-पॉप में कई चौंकाने वाली सफलता की कहानियां हैं, लेकिन इस आइडल ने अपनी सफलता जमीन से जुड़े रहकर हासिल की। जहां कई लोग दुनियाभर में फेमस होने के पीछे भाग रहे थे, वहीं उन्होंने घर को चुना और देश ने भी उन्हें इसके लिए प्यार दिया। 1993 में सियोल के सोंगजियोंग डोंग में जन्मी, आईयू गरीबी में पली-बढ़ी। जब उसके माता-पिता कर्ज चुकाने में असमर्थ हो गए और अपने बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर सके, तो आईयू और उनके छोटे भाई को उनकी दादी के पास रहने के लिए भेज दिया गया। यहीं उन्होंने अपना ज्यादातर बचपन बिताया और यहीं उन्होंने अपनी आवाज भी पहचानी। उन्होंने कम उम्र में ही समझ लिया कि उन्हें क्या करना है। बचपन में ही वह हर ऑडिशन के लिए दौड़ीं, लेकिन बार-बार उन्हें मना कर दिया गया। एक यूट्यूब वीडियो में, आईयू ने एक बार बताया था कि उनके पास खाने के लिए भी कुछ नहीं था। वे एक ठंडे, कॉकरोचों से भरे कमरे में रहती थीं और उनकी दादी घर में कुछ पैसे लाने के लिए बाजार में हेयर क्लिप बेचा करती थीं।

### टॉलीवुड

## सबसे पवित्र चीज को गंदी नजर से देखते हैं लोग : तमन्ना भाटिया



'बाहुबली' साउथ सिनेमा की सबसे शानदार फिल्म कही जाती है। इसमें प्रभास से लेकर तमन्ना भाटिया तक ने दमदार एक्टिंग की थी। पर एक सीन था, जिसको लेकर विवाद हुआ था। इस पर तमन्ना ने बचाव किया है। उनका कहना है कि जब लोग आपको कंट्रोल नहीं कर पाते हैं तो वो आपको शर्म और गिल्टी महसूस करवाते हैं। एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' ने देश-दुनिया में तहलका मचा दिया था। इसने ना सिर्फ भारतीय सिनेमा के, बल्कि साउथ इंडियन सिनेमा का स्तर भी बहुत ऊंचा कर दिया था। इसमें प्रभास से लेकर तमन्ना भाटिया तक ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म में दोनों के बीच एक सीन था, जिसमें प्रभास एक-एक कर अवंतिका (तमन्ना का किर बदन से कपड़े हटाते हैं और उनका मेकअप करते हैं। ऐसा करके वो उन्हें याद दिलाते हैं कि वो एक औरत हैं, जिसे वो भूल चुकी थीं। इस सीन को लेकर विवाद हुआ था, जिसका तमन्ना ने बचाव किया है। तमन्ना भाटिया ने 'बाहुबली' के उस विवादित सीन पर अपनी राय रखी। 'द रेप ऑफ अवंतिका' टाइटल से पब्लिश हुए एक आर्टिकल पर उन्होंने कहा, 'ये मेरा विचार है। जब लोग आपको कंट्रोल नहीं कर सकते। वो एक टेक्नीक का इस्तेमाल करते हैं और वो है- शर्म और गिल्टी। क्योंकि, वो हमेशा आपको ऐसा महसूस कराते हैं कि आप जो भी करें, उसके बारे में आपको शर्मिंदा होना चाहिए। जब भी आपको महसूस करा सकते हैं, वो आप पर कंट्रोल पा सकते हैं।'

### भोजपुरी

## खेसारी की 'श्री 420' का ट्रेलर रिलीज, एक्शन हीरो ने इस बार दर्शकों को दिया कॉमेडी का डोज



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने एक्शन के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर वे दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिखते हैं। मगर, कॉमेडी के मामले में भी खेसारी कम नहीं। फिल्म 'श्री 420' का ट्रेलर देखकर तो कुछ यही पता चल रहा है। फिल्म के ट्रेलर को सुर म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। इसमें खेसारी लाल के अलावा मधु शर्मा और श्वेता महारा भी अहम भूमिका में हैं। ट्रेलर कॉमेडी से भरपूर है, जिस देख आप ठहाके लगाने से खुद को नहीं रोक पाएंगे। खेसारी का अलग अंदाज दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। फिल्म 'श्री 420' के ट्रेलर को चार लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इसके अलावा दर्शकों की भी इस पर जबर्दस्त प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर लिख रहे हैं कि ट्रेलर देख फिल्म के प्रति दिलचस्पी बढ़ गई है। फिल्म का एलान इसी साल चुलाई में किया गया था। आगामी फिल्म में अभिनेता खेसारी लाल ठग के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में संजय पांडे, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैस, श्रद्धा नवल, निशा गुप्ता और उमाकांत राय जैसे सितारे भी अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म को मधु शर्मा और समीर आफताब प्रोड्यूस कर रहे हैं। खेसारी लाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से भी एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें दर्शकों से ट्रेलर देख उस पर प्रतिक्रिया देने की गुजारिश की है। साथ ही यह वादा किया है कि फिल्म 'श्री 420' में उन्हें जबर्दस्त कॉमेडी दिखाई देगी। इसके अलावा खेसारी अपने हालिया रिलीज गाने 'बहिनी' के प्यार को लेकर भी चर्चा में हैं। यह रक्षाबंधन स्पेशल गाना खेसारी की आगामी फिल्म 'अग्नि परीक्षा' का है।

---

### लाइफ स्टाइल

## सारा ने ट्रेडिशनल लुक में की रैंप वॉक

फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से नई दिल्ली में इंडियन कोचर वीक 2025 का आयोजन हुआ। जिसमें सारा अली खान ने डिजाइनर आयशा राव की बनाई ड्रेस में शानदार रैंप वॉक की। जहां उनकी ड्रेस में रॉयल टच नजर आया, वहीं वॉक भी बहुत ग्रेसफुल रही। सारा अली खान ने जिस लहंगे और टॉप को कैरी किया, उसका डिजाइन नेचर से इंस्पायर है।



## स्टाइलिश दिखने के लिए कपड़ों पर लगाएं इस तरह की पिन, ताजा हो जाएंगी पुरानी यादें

पिन एक खूबसूरत फैशन एक्सेसरी है, जिसका इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है। इनका उपयोग न केवल कपड़ों को जगह पर रखने के लिए किया जाता है, बल्कि ये स्टाइल का भी एक अहम हिस्सा होती हैं। आजकल बाजार में कई तरह की पिन उपलब्ध रहती हैं, जो पुराने जमाने की याद दिलाती हैं। आप सुंदर दिखने के लिए इस डिजाइन की पिन लगा सकती हैं, जो आपके लुक को शानदार बना देंगी।

**एंकर पिन :** एंकर पिन आप समुद्र तट की यात्रा के दौरान पहन सकती हैं। ये पिन नाविकों और समुद्री यात्रियों द्वारा पहनी जाती थीं। इनका डिजाइन एंकर के आकार का होता है, जो समुद्री जीवन की याद दिलाता है। आजकल ये पिन भी फैशन का हिस्सा बन गई हैं और इन्हें विभिन्न मौकों पर पहना जा सकता है। इनका उपयोग न केवल कपड़ों को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, बल्कि कपड़ों की शोभा बढ़ाने के लिए भी होता है।



**फूलों वाली पिन :** फूलों वाली पिन फूलों के आकार की होती हैं और इन्हें खासतौर पर महिलाओं द्वारा पहना जाता था। ये पिन किसी भी पोशाक को खूबसूरत बनाने का काम करती थीं और इन्हें कई मौकों पर पहना जा सकता था। आजकल भी ये पिन बहुत लोकप्रिय हैं और इन्हें विभिन्न डिजाइन में पाया जा सकता है। आप सूरजमुखी, गुलाब, लिली, ट्यूलिप और गुड़हल जैसे फूलों वाली पिन लगाकर साधारण कपड़ों भी सुंदर बना सकती हैं।

### तितली वाली पिन

तितली वाली पिन तितली के आकार की होती हैं, जो जानवरों से प्रेम करने वालों के लिए बढ़िया है। ये पिन न केवल सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि इन्हें पहनने से आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इनका उपयोग किसी भी मौके पर किया जा सकता है, चाहे वह शादी हो या पार्टी। तितली वाली पिन का डिजाइन ऐसा होता है कि ये हर पोशाक के साथ जंचती है। खास तौर से गाउन, ड्रेस, कोर्सेट-टॉप या कुर्ती के साथ यह बढ़िया लगेगी।

### दिल के आकार वाली पिन

दिल के आकार वाली पिन बच्चों-बड़ों सभी को पसंद आती हैं, जो प्यार और स्नेह का प्रतीक होती हैं। इन्हें पुराने समय में वैलेंटाइन डे जैसे खास मौकों पर पहना जाता था। आजकल भी ये पिन फैशन का हिस्सा बन गई हैं और इन्हें विभिन्न मौकों पर पहना जा सकता है।आप अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाते हुए ये पिन लगा सकती हैं और उनका दिल जीत सकती हैं।

---

## रक्षाबंधन पर भाइयों को चुनने चाहिए ये शानदार आउटफिट, लगेंगे बेहद आकर्षक

फैशन



रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा, जिसका हर भाई-बहन को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह दिन भाई-बहन के प्रेम को समर्पित है और उनके अटूट रिश्ते का प्रतीक कहलाता है। इस पर्व पर केवल बहनों को ही नहीं, बल्कि भाइयों को आकर्षक कपड़ों में तैयार होना चाहिए। अगर आप इस साल के उत्सव में पहनने के लिए आउटफिट के विकल्प तलाश रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। आज के फैशन टिप्स में जानिए रक्षाबंधन के लिए आउटफिट।

**सदरी के साथ कुर्ता-पायजामा :** त्योहारों पर कुर्ता-पायजामा तो सभी पहनते हैं। हालांकि, आप अलग दिखने के लिए इस रक्षाबंधन पर इस परिधान के साथ सदरी भी पेयर कर सकते हैं। सदरी एक तरह की जैकेट होती है, जिसे कोटी भी कहा जाता है। गोल्डन, सिल्वर या किसी एक रंग वाले कुर्ते-पायजामे के साथ प्रिंटेड सदरी पहनें। आप प्रिंटेड कुर्ते के ऊपर किसी एकल रंग वाली सदरी भी पहन सकते हैं।

**शर्ट और लिनन पैंट :** आज के समय में पुरुष स्टाइल के साथ-साथ आराम को भी प्राथमिकता देते हैं। इसलिए, रक्षाबंधन के दिन राखी बंधवाते समय शर्ट के साथ लिनन पैंट स्टाइल करना सही निर्णय होगा। आप थोड़े पारंपरिक लुक के लिए प्रिंटेड शर्ट या चाइनीज कॉलर वाली शर्ट का चुनाव कर सकते हैं। लिनन पैंट इन दिनों चलन में भी हैं। ये पैंट हवादार होने के साथ ही आरामदायक भी होती हैं।

**शार्ट कुर्ता और वाइड लेग जींस :** अगर आपको कुर्ता पसंद है, लेकिन आप कुर्ता-पायजामा नहीं पहनना चाहते हैं तो यह विकल्प चुनें। आप एकल रंग वाला या आकर्षक प्रिंट वाला शार्ट कुर्ता पहनकर सबसे स्टाइलिश नजर आएंगे। इस तरह के कुर्ते के साथ वाइड लेग डेनिम जींस सबसे अच्छी लगती हैं। यह आउटफिट न केवल स्टाइलिश दिखेगा, बल्कि परंपरा और आधुनिकता का सही संगम होगा। अगर आप चाहें तो इसे आउटफिट के साथ एक दुपट्टा भी कैरी कर सकते हैं।

**पठानी सूट :** इस बार रक्षाबंधन पर कुछ अलग पहनने की इच्छा रखने वाले पुरुष पठानी सूट को अपना सकते हैं। यह एक शाही लुक प्रदान करेगा और बेहद आरामदायक भी होगा। एक सफेद रंग की पठानी सलवार या पायजामे के साथ चमकीले रंग वाला पठानी कुर्ता पहनें।

**ओवरसाइज्ड टी-शर्ट और ट्रॉउजर :** अगर आपको पारंपरिक कपड़े पहनने का शौक नहीं है तो आप ओवरसाइज्ड टी-शर्ट का चुनाव भी कर सकते हैं। इसके साथ ढीले-ढाले ट्रॉउजर स्टाइल करें, जो आरामदायक होने के साथ-साथ आकर्षक भी दिखते हैं। जहां रक्षाबंधन के दिन सभी पारंपरिक परिधानों में होंगे, आप इस आउटफिट में सबसे अलग दिखेंगे। एसेसरीज के लिए घड़ी, अंगूठियां और धूप का चश्मा लगाना सही रहेगा। इस लुक के साथ पैरों में स्नीकर्स स्टाइल करें।

---

## पीली साड़ी के साथ चुनें इन रंग के ब्लाउज, दिखेंगी सबसे ज्यादा बेहतरीन

पीली साड़ी भारतीय महिलाओं के बीच एक बहुत ही लोकप्रिय और पारंपरिक परिधान है। यह न केवल आकर्षक होती है, बल्कि इसे सही ब्लाउज के साथ पहनने पर और भी ज्यादा खूबसूरत लगती है। पीली साड़ी के साथ सही रंग का ब्लाउज चुनना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। आइए जानते हैं कि पीली साड़ी के साथ कौन से रंग का ब्लाउज पहनना सबसे अच्छा है।

**लाल रंग का ब्लाउज :** लाल रंग का ब्लाउज पीली साड़ी के साथ बहुत ही शानदार लगता है। यह रंग न केवल आपके लुक को निखारता है, बल्कि आपको एक अलग ही आकर्षण भी देता है। लाल और पीले का मेल हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है और यह कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता है।

अगर आप किसी खास मौके पर या त्योहारों पर पहनने के लिए सोच रही हैं तो लाल ब्लाउज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।



### हरे रंग का ब्लाउज

हरा रंग का ब्लाउज पीली साड़ी के साथ एक ताजा और जीवंत दिखता है। यह रंग आपके लुक में एक नई जान डालता है और आपको खास बनाता है। हरे रंग की विविधता जैसे हल्का हरा, गहरा हरा या फिर हल्के शेड्स भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। हरे रंग का ब्लाउज पहनकर आप न केवल आकर्षक लगेंगी, बल्कि आपका पूरा लुक भी खास लगेगा। यह रंग आपके व्यक्तित्व को और भी निखारता है।

### नीले रंग का ब्लाउज

नीला रंग का ब्लाउज पीली साड़ी के साथ बहुत ही खूबसूरत लगता है। यह रंग न केवल आपके लुक को खास बनाता है, बल्कि इसे पहनने से आपको एक अलग ही चमक मिलती है। नीले और पीले का मेल हमेशा से ही आकर्षक रहा है और यह कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता।

---

## डेनिम स्कर्ट के साथ पहनें ऐसे अपरवियर लगते हैं अच्छे, लगेंगी एकदम स्टाइलिश

डेनिम स्कर्ट एक ऐसा परिधान है, जो हर महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती है। इसे अलग-अलग ऊपरी पहनावे के साथ मिलाकर पहना जा सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप डेनिम स्कर्ट के साथ अलग-अलग और आकर्षक लुक पा सकती हैं। इन टिप्स से आप हर मौके पर तैयार और स्टाइलिश दिख सकती हैं।

**सफेद टी-शर्ट या टॉप :** सफेद टी-शर्ट या टॉप हमेशा से ही एक बेहतरीन और समय-समय पर चलन में रहने वाला विकल्प रहा है। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि डेनिम स्कर्ट के साथ बहुत ही अच्छा लगता है। सफेद टी-शर्ट के साथ आप एक सादा और साफ-सुथरा लुक पा सकती हैं, जो हर मौके पर उपयुक्त होता है। इसे आप स्नीकर्स या सैंडल के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी खास बनेगा।



**प्रिंटेड टी-शर्ट :** प्रिंटेड टी-शर्ट एक मजेदार और युवा दिखने वाला विकल्प है, जिसे आप अपनी डेनिम स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसमें अलग-अलग डिजाइन, शब्द या चित्र हो सकते हैं, जो आपके व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। यह लुक खासतौर पर रोजमर्रा के उपयोग के लिए या दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। प्रिंटेड टी-शर्ट के साथ स्नीकर्स या पंप्स पहने जा सकते हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी आकर्षक बनेगा।

**काले रंग का टैंक टॉप :** काले रंग का टैंक टॉप एक बेहद स्टाइलिश और आकर्षक विकल्प हो सकता है, जिसे आप अपनी डेनिम स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। यह लुक खासतौर पर शाम की पार्टी या किसी खास मौके पर जाने के लिए उपयुक्त है। काले रंग के टैंक टॉप के साथ आप हील्स या फ्लैट फुटवियर्स पहन सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी खास बनेगा।

---

कार्नर न्यूज

### सुंदर और स्टाइलिश विकल्प, जो हर उम्र की महिला पर जचती है

## बेल बॉटम जींस के साथ चुनें स्टाइलिश फुटवियर्स, लगेंगी बहुत खूबसूरत

बेल बॉटम जींस एक सुंदर और स्टाइलिश विकल्प है, जो हर उम्र की महिला पर जचती है। इन जींस को पहनने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप इन्हें सही फुटवियर्स के साथ पहनें ताकि आपका लुक पूरा और आकर्षक लगे। सही फुटवियर्स न केवल आपके लुक को पूरा करते हैं, बल्कि आपको आराम भी देते हैं। आइए जानते हैं कि बेल बॉटम जींस के साथ कौन-कौन से फुटवियर्स अच्छे लगते हैं।



### हाई हील्स फुटवियर्स

बेल बॉटम जींस के साथ हाई हील्स फुटवियर्स पहनना एक बेहतरीन विकल्प है। ये आपके कद को बढ़ाते हैं और साथ ही आपके लुक को और भी खास बनाते हैं। आप चाहें तो हाई हील्स या थोड़ी कम हील्स वाले फुटवियर्स चुन सकती हैं, बस ध्यान रखें कि ये आरामदायक हों ताकि चलने में कोई दिक्कत न हो। इस तरह आप किसी भी मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं और आराम महसूस कर सकती हैं।

### स्पोर्ट्स शूज

अगर आप आरामदायक रहना चाहती हैं तो बेल बॉटम जींस के साथ स्पोर्ट्स शूज एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ये न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि वे आपके लुक को रोजमर्रा के लिए उपयुक्त और स्टाइलिश भी बनाते हैं। आप चाहें तो अलग-अलग रंगों और डिजाइनों के स्पोर्ट्स शूज चुन सकती हैं, जो आपकी जींस के रंग से मेल खाते हों। इस तरह आप हर दिन नई ऊर्जा और ताजगी महसूस करेंगी।

### फ्लैट सैंडल

गर्मियों में फ्लैट सैंडल एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाते हैं। फ्लैट सैंडल में कई तरह के डिजाइन उपलब्ध होते हैं, जैसे कि बेल्ट वाली सैंडल आदि, जिन्हें आप अपनी बेल बॉटम जींस के साथ मैच कर सकती हैं। इनका चयन करते समय ध्यान रखें कि सैंडल हल्के और आरामदायक हों ताकि पूरे दिन इन्हें पहनने में कोई परेशानी न हो।



### फ्लैट बूट्स

फ्लैट बूट्स भी बेल बॉटम जींस के साथ अच्छी लगते हैं। ये न केवल स्टाइलिश होते हैं बल्कि ठंडे मौसम में गर्माहट भी प्रदान करते हैं। फ्लैट बूट्स को आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं, चाहे वह ऑफिस हो या पार्टी। इनका चयन करते समय ध्यान रखें कि बूट्स आरामदायक हों ताकि पूरे दिन इन्हें पहनने में कोई परेशानी न हो। इस तरह आप हर मौसम में आकर्षक दिख सकती हैं और आराम महसूस कर सकती हैं।